दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्ण तमस: परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश
होली की शुभकामनाएं...

अंदर के पृष्ठों पर
2 | अभिव्यक्ति
3 | आंचलिक
6 | आंचलिक
7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.MPHIN/2017/72749 भोपाल, बुधवार 8 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2079 वर्ष-6 अंक-282, पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

साल दर साल होली का रंग फीका पड़ता जा रहा है। लोगों ने रंग और गुलाल खरीदना कम कर दिया है। इसकी एक वजह यह भी है कि भाई लोग खुद ही गिरगिट की तरह रंग बदलते रहते है। अब ऐसे गिरगिट टाईप लोगों को रंग गुलाल लगाने का क्या फायदा? कुछ लोग तो ऐसे होते है जिनकी नाक पर गुस्सा ठहरा होता है। उनके सामने किसी विशेष व्यक्ति का नाम ले दो, वे लाल पीले होने लगते है। रंगे सियारो को रंगना भी बेकार है इसलिए लोग खाली पीली होली मनाते है और हैप्पी होली कहकर ही काम चलाते है।

होली की शुभकामनाएं

इंद्रधनुषी रंगों के पावन पर्व पर समस्त पाठकों को दैनिक नव प्रदेश परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

- संपादक

अवकाश सूचना

होली के पावन पर्व पर 8 मार्च को दैनिक नवप्रदेश प्रेस और प्रदेश और देशभर में फैले कार्यालयों में अवकाश रहेगा। अगला अंक 10 मार्च को प्रकाशित होगा।

- महाप्रबंधक

बुरा न मानो होली है.....

दैनिक नव प्रदेश के आज का अंक भंग की तरंग में निकाला गया है। प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित खबरों के विश्वसनीयता की कोई गारंटी नहीं है। बुरा न मानो होली है।

- समाचार संपादक

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः महिलाओं ने कठोर कामकाजी हालात का विरोध किया था. संयुक्त राष्ट्र ने 1945 में चार्टर पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता के सिद्धांत की पुष्टि करने वाला पहला इंटरनेशनल समझौता बनाया. इसके बाद 8 मार्च, 1975 को अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष के दौरान संयुक्त राष्ट्र ने अपना पहला आधिकारिक इंटरनेशनल वुमन डे मनाया।

सीएम चौहान ने प्रदेश की महिलाओं को दी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई

महिला पुलिस अफसरों ने संभाली सीएम चौहान की सिक्योरिटी

बेटियों और बहनों के कल्याण के लिये जो कर सकता था वह किया

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की सभी बहनों और बेटियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, एक दिन के लिए नहीं, हर दिन, हर घंटा बहनों और बेटियों का होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुझे इस बात की संतुष्टि है कि बेटियों और बहनों के कल्याण के लिए जो मैं कर सकता था वो मैंने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना, बेटियों की शादी के लिए कन्या विवाह-निकाह योजना, बेटियों की पढ़ाई, संबल योजना में बेटा-बेटी के जन्म के बाद मज़दूरी करने वाली बहनों के खाते में राशि जमा कराना, महिलाओं के लिए अलग इंडस्ट्रियल पार्क बनाना, महिलाओं के नाम पर संपत्ति हो जाए, इसलिए स्टाम्प शुल्क में कमी करना सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय महिलाओं के हित में लिए गए हैं। साथ ही 50 प्रतिशत महिलाओं को स्थानीय निकाय में आरक्षण, शिक्षा में 50 प्रतिशत और पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि

महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से हमने सबसे महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश है कि बहन-बेटी और माँ के जीवन में कैसे गुणात्मक सुधार कर सकें, उनके जीवन को कैसे सुखी रख सकें इसलिए अनेक योजनाओं को धरातल पर लेकर आए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमें बहनों की योग्यता पर पूरा विश्वास है। वह सुरक्षा जैसे काम भी पूरी ज़िम्मेदारी और साहस के साथ कर सकती है। इसलिए आज मेरे निज स्टाफ, वाहन चालक, सुरक्षा और फोटोग्राफर के रूप में केवल बहनें दिन भर साथ रहेंगी। यह अपने आप में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है।

मुख्यमंत्री के स्टाफ में तैनात महिला अधिकारी-कर्मचारी

सुरक्षा स्टाफ में एसीपी बिट्टू शर्मा, आर.आई इरशाद अली, थाना प्रभारी शिल्पा कौरव, थाना प्रभारी निशा अहिरवार, थाना प्रभारी आकांक्षा शर्मा, थाना प्राभारी रेनू मुराब, सब इंस्पेक्टर मोना जादौन, रिचा चौहान, गोशिया सिद्दीकी, कंचन राजपूत, अर्चना तिवारी, नमिता साहू, मांगिता जैन, कंचन राजपूत जबलपुर, मन्जू अशोकनगर, प्रियंवदा, एएसआई राधा सिंह, प्रधान आरक्षक नुपुर, कविता, सुनीता, दीपशिखा, आरक्षक किरण, ज्योति और सीमा चन्द्रवाड़ा इंदौर शामिल हैं।

मप्र -राजस्थान में ओला-बारिश से गेहूं-चने की फसलें तबाह

मध्य प्रदेश में दो की मौत; अगले दो दिन भी मौसम खराब रहने के आसार

जयपुर/भोपाल/नवप्रदेश। राजस्थान और मध्य प्रदेश में सोमवार को हुई बेमौसम बारिश और ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। राजस्थान में कोटा, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर समेत कई शहरों में एक इंच तक बरसात हुई, जिससे इन जिलों में गेहूं, चना, सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, मध्य प्रदेश में मंदसौर, रतलाम, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, भोपाल समेत कई जिलों में गेहूं-चने की फसलें बर्बाद हो गई हैं। प्रदेश के राजगढ़, उज्जैन, छिंदवाड़ा, विदिशा में भी तेज बारिश हुई। शाजापुर और उज्जैन जिले में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई।

मध्य और पश्चिम भारत में 6 से 8 मार्च के बीच बारिश और आंधी-तूफान का अनुमान है। राजस्थान और गुजरात और महाराष्ट्र में दो-तीन तक बारिश और आंधी-तूफान आ सकता है। पूर्वी व पश्चिमी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, गुजरात और मध्य महाराष्ट्र, मराठावाड़ा और विदर्भ में मंगलवार को तेज हवाओं के साथ ओले गिरने की आंशका है। अरुणाचल, पूर्वी

असम और नगालैंड में मंगलवार को गरज के साथ बारिश होने की आशंका है।

राजस्थान में दो दिन ऐसा ही मौसम रहने की आशंका

जयपुर मौसम केन्द्र और जल संसाधन विभाग से जारी रिपोर्ट देखें तो कल कोटा के चेचट में सबसे ज्यादा 25रूरू बरसात हुई। कोटा के अलावा डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बूंदी, उदयपुर, जालौर, सिरोही, राजसमंद, बाड़मेर में भी कई हिस्सों में तेज बारिश के साथ आंधी चली। राजसमंद, चित्तौड़गढ़ के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ चने के आकार के ओले भी गिरे। अगले दो दिन प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहने की आशंका है।

राज्य में रबी की फसलों को नुकसान

बेमौसम बारिश, ओले गिरने और तेज हवाएं चलने से रबी की फसलों को नुकसान हुआ। कोटा, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, राजसमंद एरिया में गेहूं, चने की फसलों की कटाई चल रही है। बारिश और ओले गिरने से ये फसल गीली हो गई।

इसके अलावा तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर फसलें नीचे गिर गई, जिससे उनके खराब होने की आशंका बढ़ गई। इधर मौसम विभाग की ओर से दो दिन और बारिश और ओले गिरने की चेतावनी ने किसानों की टेंशन बढ़ा दी है।

मध्य प्रदेश में 3 दिन से हो रही बारिश, 9 मार्च तक जारी रहने के आसार

राज्य में पिछले 3 दिन से मौसम बदला हुआ है। प्रदेश के लगभग आधे जिले पानी में तरबतर हो गए हैं। सोमवार को राजधानी में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। मंदसौर शहर, मंदसौर जिले कई जगह मक्के के आकार के ओले गिरे। यहां फसलों की डोडियां नष्ट हो गई। वहीं, अफीम की फसल पानी में धुलने से पत्ते भी टूट गए। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन यानी 9 मार्च तक तेज आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो मार्च में पिछले 12 साल से बारिश का ट्रेंड रहा है।

सीएम ने दिए ओला और अतिवृष्टि के सर्वे के निर्देश

शिवराज बोले- किसान चिंता न करें, सरकार साथ है

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश भर में सोमवार को हुई अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के बाद आज सुबह सीएम शिवराज सिंह चौहान ने प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स को सर्वे के निर्देश दिए। सीएम ने अतिवृष्टि और ओला प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स से चर्चा करते हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। सीएम ने कहा कि बारीकी से प्रभावित गांवों की फसलों और अन्य नुकसान का सर्वे करें।

सीएम शिवराज सिंह ने कमलनाथ से पूछा सवाल

सीएम शिवराज सिंह ने पूर्व सीएम कमलनाथ से सवाल पूछते हुए कहा वचन पत्र झूठ पत्र था कमलनाथ को जवाब देना चाहिए मेडिकल पाठ्यक्रम के लिए अनुसूचित जनजाति बेटियों की तरह सभी वर्गों के लिए जिनकी आय 10 लाख रुपए से कम थी उनकी फीस कमलनाथ ने क्यों नहीं भरी?

कमलनाथ ने सीएम से पूछा सवाल

सीएम के सवाल पर पीसीसी चीफ कमलनाथ ने ट्वीट कर पूछा शिवराज जी,आप हर साल घोषणा करते हैं कि आप एक लाख लोगों को सरकारी नौकरी देंगे। लेकिन आप नौकरी देने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं और आपने मध्य प्रदेश को बेरोजगारों का प्रदेश बना दिया है। प्रदेश के नौजवानों से लगातार झूठ बोलने और उनके भविष्य से खिलवाड़ करने के लिए आप नौजवानों से माफी मांगिए। और इस बजट में जो वादा किया है उसे अपनी सरकार जाने से पहले पूरा कीजिए।

ओला वृष्टि का सर्वे करा रहा हूं

सीएम ने कहा सभी जिलों में विस्तार से बात हुई सर्वे किया जा रहा है किसानों के लिए मैंने कल ही ट्वीट किया था किसानों से कहना चाहता हूं किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है सरकार उनके साथ खड़ी है सर्वे का काम प्रारंभ कर दिया गया है। कांग्रेस नेता जीतू पटवारी ने ओलावृष्टि और अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान के बाद वीडियो जारी कर कहा- पश्चिमी मध्य प्रदेश में हवाएं चलने से पानी और ओले गिरने से 80 प्रतिशत किसानों के गेहूं और चने की फसलों को नुकसान हुआ है।

यूपीए की ओर से भूपेश बघेल होंगे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार : खडगे

नई दिल्ली । कांग्रेस के राष्ट्रीय मल्लिकार्जुन खडगे ने आज एक पत्रकार वार्ता लेकर यूपीए की ओर से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। गौरतलब है कि विपक्ष की ओर से अब तक विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री ही प्रधानमंत्री पद की दावेदारी पेश कर रहे है। विपक्ष की ओर से अब तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने अपनी उम्मीदवारी घोषित की है। इसके जवाब में कांग्रेस हाईकमान ने भी यूपीए को बहुमत मिलने की स्थिति में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ही प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम को लेकर चर्चा चली थी लेकिन इस बारे में पार्टी ने कोई निर्णय नहीं लिया था। अलबत्ता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जरूर यह राय दी थी कि राहुल गांधी को ही प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया जाना चाहिए। किन्तु कोई फैसला नहीं हो पाया। बताया जाता है कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी से अपना नाम वापस ले लिया है। उनका कहना है कि किसी अनुभवी नेता को ही प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाए। चूंकि अधिकांश विपक्षी पार्टियां मुख्यमंत्रियों को ही प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की कवायद कर रही है। इसलिए कांग्रेस ने भी अपने सबसे कुशल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया है। हाईकमान की इस घोषणा के बाद छत्तीसगढ़ में हर्ष की लहर दौड़ गई है और सभी कांग्रेसी होली के दिन दीपावली भी मना रहे है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने तो अपनी खुशी का इजहार करते हुए प्रदेश के सभी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को लड्डू बंटवाएं है।

नीतिश कुमार ने फिर मारी पल्टी

अब भाजपा के साथ मिलकर बनाएंगे सरकार

पटना । बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने एक बार फिर पल्टी मार दी है। उन्होने घोषणा की है कि अब वे बिहार के महागठबंधन से किनारा करने जा रहे है और दस मार्च को राज्यपाल से भेंट कर भाजपा के समर्थन से अपनी सरकार बनाने जा रहे है। उन्होने कहा है कि भाजपा से अलग होकर

महागठबंधन में शामिल होना उनके जीवन की सबसे बड़ी राजनीतिक भूल है जिसे अब वे सुधारने जा रहे है। गौरतलब है कि लालू यादव और राबड़ी यादव सहित उनके पुत्रों पर सीबीआई ने रेलवे भर्ती घोटाले को लेकर अपनी जांच तेज कर दी है। इससे बिहार सरकार पर भी संकट के बाद मंडराने लगे है। यही वजह है कि मौका देखकर चौका मारने में माहिर नीतिश कुमार ने महागठबंधन को ट्रिपल तलाक दे दिया है और अब वे भाजपा के साथ सरकार बनाने जा रहे है जिसे वे अपनी घर वापसी बता रहे है और भाजपाईयों से यह कह कर क्षमा मांग रहे है कि वे सुबह के भुले हुए थे जो शाम को घर लौट आए है।

झारखण्ड में अब कोयले की दलाली करने वालों का मुंह होगा काला : हेमंत सोरेन

रांची । झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोयले घोटाला में शामिल दलालों को चेतावनी दी है कि अब उनकी दाल नहीं गलेगी। झारखण्ड सरकार एक कड़ा कानून बनाने जा रही है जिसके तहत कोयले दलाली करने वालो का मुंह काला कर के पूरे झारखण्ड में

उन्हे घुमाया जाएगा और कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। गौरतलब है कि कोयला घोटाले को लेकर सीबीआई ने विभिन्न राज्य सरकारों के खिलाफ अपनी कार्यवाही तेज कर दी है। झारखण्ड में भी कोयला दलाली का मुद्दा उठा था। यही वजह है कि झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अब अपने प्रदेश से कोयला दलालों को नेस्तनाबूद करने के लिए कड़े कदम उठाने की घोषणा की है ताकि वे भी काजल की कोठारी में बेदाग बने रह सके।

डॉ रमन सिंह बने पंजाब के नए राज्यपाल

नई दिल्ली । पंजाब में लगातार बिगड़ती कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर आज प्रधानमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को हटाकर उनकी जगह छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को पंजाब का नया राज्यपाल नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से वहां एक बार फिर खालिस्तान समर्थकों ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। जिसपर रोक लगाने में भगवंत सिंह मान की सरकार विफल सिद्ध हो रही है। पंजाब में खराब होते हालात को लेकर पिछले दिनों पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी और उन्हे पंजाब के ताजा हालातों से

अवगत कराया था। इसके बाद गृह मंत्रालय ने पंजाब के लिए सुरक्षा बलों की कई बटालियन भेजी है। तभी से राजनीतिक हलकों मे यह कयास लगाए जा रहे है कि पंजाब में कुछ बड़ा होने वाला है। इस बीच पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग भी उठने लगी है। ऐसी विषम परिस्थितियों के बीच डॉ रमन सिंह को पंजाब का नया राज्यपाल बनाए जाने की घोषणा होने के बाद से अटकलों का बाजार फिर गर्म हो गया है। माना जा रहा है कि यदि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू होता है तो डॉ रमन सिंह बेहतर ढंग से स्थिति का मुकाबला कर पाएंगे और जिस तरह उन्होने छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री रहते हुए नक्सलवाद के खिलाफ कार्यवाही की थी वैसी ही कार्यवाही वे पंजाब में करेंगे और वहां शांति व्यवस्था को बहाल करेंगे। डा. रमन सिंह को पंजाब का राज्यपाल बनाए जाने के निर्णय का छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने स्वागत किया है और नई जिम्मेदारी मिलने पर डॉ रमन सिंह को बधाई प्रेषित की है।

शिवराज सिंह मंत्रीमण्डल का विस्तार, बाबा बागेश्वर धाम को धर्मस्व विभाग का सौंपा गया कार्यभार

भोपाल । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐन विधानसभा चुनाव के पूर्व अपने मंत्री मण्डल का विस्तार कर दिया है। उन्होने बाबा बागेश्वर धाम को धर्मस्व विभाग का कार्यभार सौंपा है। बाबा बागेश्वर धाम को छह माह के भीतर कहीं से चुनाव लड़कर विधानसभा की सदस्यता लेनी होगी लेकिन इसकी नौबत ही नहीं आएगी क्योंकि इस बीच विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी। आगामी विधानसभा

चुनाव में बाबा बागेश्वर धाम को भाजपा की टिकट पर छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट दी जाएगी। गौरतलब है कि बाबा बागेश्वर धाम की मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में मजबूत पकड़ है। जहां लाखों की संख्या में उनके अनुयायी है। यही वजह है कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी मत्थ टेकने के लिए बाबा बागेश्वर धाम पहुंचे थे और उन्होने भी बाबा को कांग्रेस के पाले में लाने के लिए उनपर डोरे डालना शुरू कर दिया था। जब इसकी खबर शिवराज सिंह चौहान को लगी तो उन्होने बाबा बागेश्वर धाम को अपने मंत्रीमण्डल में शामिल कर और उन्हे धर्मस्व विभाग का कार्यभार सौंप कर नहले पर दहला जड़ दिया।

संपादकीय

होली का विकृत होता स्वरूप

हमारा देश एक पर्व प्रधान देश है। जहां छोटे बड़े पर्वो में लोग अपनी खुशियां ढूंढते है। हमारा भारत विविधताओं में एकता का देश भी कहलाता है जहां सभी धर्म के लोग मिलजुल कर हर त्यौहार मनाते है और आपसी सद्भाव को और मजबूत बनाते है। होली भी एक ऐसी ही पर्व है जो हमें एकता और समानता का संदेश देता है। होली के दिन ऊंच नीच, बड़ा छोटा और अमीर गरीब के बीच की खाई मिट जाती है और सभी होली पर्व के दिन एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर सामाजिक सद्भवाना और परस्पर प्रेम का परिचय देते है। आदि काल से भारत वर्ष में होली पर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता रहा है एक कीवदंती के अनुसार भक्त प्रहलाद को मारने के लिए उसकी बुआ होलिका लकड़ी के ढेर लगाकर और उसमें अग्नी प्रवाहित कर के बैठ जाती है। होलिका को अग्नी से न जलने का वरदान मिला हुआ था लेकिन ईश्वर की कृपा से भक्त प्रहलाद बच जाते है और होलिका जल जाती है। तभी से बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीके रूप में इस पर्व को मनाने की परंपरा चली आ रही है। किन्तु पिछले के समय से होली का पावन स्वरूप विकृत होने लगा है। इस त्यौहार के साथ अनेक पौराणिक व लोक कथाएं, मान्यताएं, आस्था व विश्वास जुड़ी हुई हैं, परन्तु इस पर्व में अत्यंत प्राचीन काल से चली आ रही जगह- जगह पर चौक- चौराहों पर लकड़ियाँ इकट्ठा कर उन्हें जलाने की एक पुरानी प्रथा आज भी देश में अनवरत रूप से जारी है। यह नवसस्येष्टि यज्ञ का ही विकृत रूप है, क्योंकि इस अग्नि में भी लोगों को नवान्न, जिसका होलक नाम प्रसिद्ध है, उसे सेंकते तथा वितरित करते देखा जाता है। वर्तमान में यह होलिकोत्सव के रूप में प्रचलित है। इसमें फाल्गुन पूर्णिमा को लकड़ी, कूड़ा- करकट आदि को जलाकर होलिका दहन किया जाता है, तथा इसके दूसरे दिन एक दूसरे पर अबीर, गुलाल, रंग आदि डालकर रंग का उसव मनाया जाता है। होली के दिन शराब के नशे में लोग इस कदर हुड़दंग मचाते है कि सभ्य लोग होली के दिन घर से बाहर निकलने से ही कतराते है। बहुत से लोग तो इस दिन अपने घरों में ही कैद होकर रह जाते है। होली पर्व के दिन असमाजिक तत्व अपनी आपसी दुश्मनी भी भुलाते है जिसकी वजह से खून खराबे की भी नौबत आ जाती है। होली का विकृत होता यह स्वरूप चिंता का विषय बना हुआ है। हमे चाहिए कि होली के स्वरूप को विकृत होने से बचाए ताकि इन्द्रधनुषी रंगों का यह पावन पर्व हम सब मिलजुल कर हंसी खुशी से मनाएं। यदि हम अपने त्यौहारों की गरीमा से खिलवाड़ करेंगे तो आने वाले समय में यह पर्व अपनी अइस्मिता खो देगा। वैसे भी साल दर साल होली ही नहीं बल्कि अन्य त्यौहार भी अपना महत्व खोते जा रहे है। इन त्यौहारों के प्रति अब लोगों में वैसा उत्साह परिलक्षित नहीं होता जो पहले हुआ करता था। हमारे धार्मिक पर्वो की पावनता बनाए रखना हमारी अपनी जिम्मेदारी है। सभी लोग मिलकर अपनी यह जिम्मेदारी निभाएं इसी मंगल कामना के साथ दैनिक नव प्रदेश परिवार की ओर से समस्त सुधी पाठकों और देशवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

टॉप ऑर्डर की नाकामी भारी फिक्र का सबब

नितेश छाबड़ा

अहमदाबाद का चौथा और अंतिम टेस्ट भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुँचने के लिए टीम इंडिया को यह जीतना ही होगा। हालांकि मैच ड्रा होने और हार जाने की स्थिति में भी टीम फाइनल में पहुँच सकती है, पर उसे न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच होने वाली सीरीज के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। अतः किसी भी गणितीय फॉर्मूले से बचने के लिए भारतीय टीम अहमदाबाद टेस्ट जीतकर अपने आप को सुरक्षित करना चाहेगी। इसके अलावा यह भी जानकारी मिल रही है कि अहमदाबाद टेस्ट भी टर्निंग पिच पर खेला जाएगा। इस टेस्ट को जीतने के लिए टॉप आर्डर को बल्लेबाजी में अपना पूरा हुनर दिखाना होगा। शुभमन गिल को मिले मौके को भुनाना होगा। रोहित को भी एक बड़ी पारी खेलना होगी। विराट एवं अय्यर को मध्यक्रम में मजबूती दिखानी होगी। शायद अहमदाबाद में विकेट कीपर भरत की जगह ईशान किशन खेलते नज़र आएं। तब यह देखना दिलचस्प होगा कि वे बल्लेबाजी कैसी करते हैं।

इंदौर टेस्ट में हार के बाद टीम इंडिया अहमदाबाद टेस्ट की तैयारियों में जुटी है। श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल इंदौर में ही स्पिन गेंदबाजों के विरुद्ध अभ्यास करते नजर आए। इंदौर टेस्ट की हार ने टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर पर एक बार फिर से सवाल खड़ा कर दिया है। सब पूछ रहे हैं कि आखिर हमारे प्रमुख बल्लेबाज कब क्लिक करेंगे। आखिर कब हमारी सलामी जोड़ी एक बेहतरीन शुरुआत देगी। देखा जाए तो अमूमन ऊपरी और मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर मैच का दारोमदार होता है। साथ ही एक सवाल और उठने लगा है कि एक जमाने में स्पिन गेंदबाजी को तार तार कर देने के लिए मशहूर भारतीय बल्लेबाज़ी आज अपनी पिचों पर स्पिन के विरुद्ध लगातार क्यों संघर्ष करते नजर आती है। विराट कोहली जैसा आला दर्जे का बल्लेबाज, जो एक समय उच्च कोटि के स्पिनर्स के विरुद्ध रनों का अंबार लगा चुका हो, भी स्पिन गेंदबाजी को ठीक से नहीं खेल पा रहा है। बांग्लादेश के दौरे के दो और मौजूदा सीरीज के तीन टेस्ट मैचों की कुल आठ पारियों में सात बार विराट स्पिन गेंदबाजी का ही शिकार हुए हैं।

यह तो भला हो जो दिल्ली टेस्ट की पहली पारी में अक्षर एवं अश्विन की जोड़ी ने आठवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके मैच का रुख अपने तरफ मोड़ लिया था। वरना केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और श्रीकर भरत की कमजोर पारियों की वजह से टेस्ट में वापसी करना टीम के लिए बहुत ही कठिन हो जाता। ऋषभ पंत की अनुपस्थिति ने भी टीम इंडिया के टॉप आर्डर की नाकामी को उभार दिया है। पिछले डेढ़ वर्षो में खेले गए टेस्ट मैचों पर गौर किया जाए, तो ऋषभ पंत ने कई मौकों पर, जब शुरुआती विकेट जल्दी गिर गए, तब अहम पारियां खेलकर विजय दिलाई है। मौजूदा सीरीज के पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के शतक और तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में पुजारा के अर्धशतक के अलावा टॉप ऑर्डर पूरी तरफ से जूझता नजर आया है। नागपुर और दिल्ली में निचले क्रम के बल्लेबाज जडेजा,अश्विन और अक्षर ने अच्छी पारियां खेलकर भारतीय टीम को पार लगाया है। इंदौर में ये भी कुछ खास नही कर पाए, इसलिए टीम इंडिया दोनों पारियों में क्रमशः 109 एवं 163 रनों पर सिमट गई और 9 विकेट की करारी पराजय हाथ लगी।

अहमदाबाद का चौथा और अंतिम टेस्ट भारतीय टीम के लिए काफी महत्त्वपूर्ण है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुँचने के लिए टीम इंडिया को यह जीतना ही होगा। हालांकि मैच ड्रा होने और हार जाने की स्थिति में भी टीम फाइनल में पहुँच सकती है, पर उसे न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच होने वाली सीरीज के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। अतः किसी भी गणितीय फॉर्मूले से बचने के लिए भारतीय टीम अहमदाबाद टेस्ट जीतकर अपने आप को सुरक्षित करना चाहेगी। इसके अलावा यह भी जानकारी मिल रही है कि अहमदाबाद टेस्ट भी टर्निंग पिच पर खेला जाएगा। इस टेस्ट को जीतने के लिए टॉप आर्डर को बल्लेबाजी में अपना पूरा हुनर दिखाना होगा। शुभमन गिल को मिले मौके को भुनाना होगा। रोहित को भी एक बड़ी पारी खेलना होगी। विराट एवं अय्यर को मध्यक्रम में मजबूती दिखानी होगी। शायद अहमदाबाद में विकेट कीपर भरत की जगह ईशान किशन खेलते नज़र आएं। तब यह देखना दिलचस्प होगा कि वे बल्लेबाजी कैसी करते हैं।

गेंदबाजी में सिराज को रोटेशन पालिसी के तहत इस टेस्ट में आराम दिया जा सकता है। शमी की इस टेस्ट में वापसी होगी। टीम मैनेजमेंट के लिए यह भी सिरदर्द होगा कि इस टेस्ट में क्या अक्षर पटेल की जगह पर कुलदीप यादव को मौका दिया जा सकता है। देखा जाए तो अक्षर गेंदबाजी में कुछ खास नही कर पाए हैं, पर बल्लेबाजी में पहले दोनों टेस्ट मैचों में उनके योगदान को नजरअंदाज करना आसान नही होगा। अगर अहमदाबाद में भी स्पिन पिच तैयार की जाती है, तो भारतीय टीम कुलदीप यादव को लेकर चार स्पिनरों के साथ मैदान में उतर सकती है। 70 के दशक में हमने कई टेस्ट मैचों में ऐसा देखा है, जब बिशन बेदी, चन्द्रशेखर, प्रसन्ना और वेंकटराघवन एक साथ मैदान में होते थे। इन चार महारथी स्पिनरों ने कई बार भारत को जीत दिलाई थी। यदि अहमदाबाद में ऐसा होता है तो उस दशक की कई स्मृतियां साकार हो जाएंगी।

आज का पंचांग (बुधवार, 08 मार्च 2023)

सूर्योदय : 06:41, सूर्यास्त : 06:21
चन्द्रोदय : 18:13, चन्द्रास्त : 06:41

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वत : 2079 (नल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : उत्तराफाल्गुनी, योग : धृति (21:15 से शूल), प्रथम करण : बव (18:09 तक), द्वितीय करण : बालव (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : सिंह, मंगल : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:05 से 12:52, अमृत काल : 19:22 से 21:07, विजय मुहूर्त : 14:25 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त : 18:17 से 18:42, सायाह्न सन्ध्या : 18:19 से 19:33, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:52, राहुकाल : 12:00 से 13:30, यमगण्ड : 09:32 से 11:00, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : उत्तर - 26:22 से, राहुवास : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : श्मशान में - 18:09 से गौरी के साथ।

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - रोग, 2 - उद्वेग, 3 - चर, 4 - लाभ, 5 - अमृत, 6 - काल, 7 - शुभ, 8 - रोग

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - काल, 2 - लाभ, 3 - उद्वेग, 4 - शुभ, 5 - अमृत, 6 - चर, 7 - रोग, 8 - काल

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः पूर्व-उत्तर (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष- होली है

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (टे , टा , टु , टो) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:36 से 07:02, मीन - 07:02 से 08:25, मेष - 08:25 से 09:59, वृषभ - 09:59 से 11:54, मिथुन - 11:54 से 14:09, कर्क - 14:09 से 16:30, सिंह - 16:30 से 18:49, कन्या - 18:49 से 21:07, तुला - 21:07 से 23:28, वृश्चिक - 23:28 से 25:47, धनु - 25:47 से 27:51, मकर - 27:51 से 29:32।

पञ्चक रहित मुहूर्त

रज पञ्चक - 06:37 से 07:02, शुभ मुहूर्त - 07:02 से 08:25, शुभ मुहूर्त - 08:25 से 09:59, रज पञ्चक - 09:59 से 11:54, शुभ मुहूर्त - 11:54 से 14:09, चोर पञ्चक - 14:09 से 16:30, शुभ मुहूर्त - 16:30 से 18:09, रोग पञ्चक - 18:09 से 18:49, शुभ मुहूर्त - 18:49 से 21:07, मृत्यु पञ्चक - 21:07 से 23:28, अग्नि पञ्चक - 23:28 से 25:47, शुभ मुहूर्त - 25:47 से 26:22, रज पञ्चक - 26:22 से 27:51, शुभ मुहूर्त - 27:51 से 29:32, चोर पञ्चक - 29:32 से 30:36।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज के दिन आपके मन में अनेक योजनाएं बनती रहेंगी लेकिन इनको समय अथवा धन अभाव के कारण साकार रूप नहीं दे पाएंगे।

वृष- आज के दिन आपको विविध कष्टो का सामना करना पड़ेगा। मन समाज में वर्जित कार्यो की और अधिक आकर्षित रहेगा।

मिथुन- आज के दिन व्यापारी वर्ग को लाभदायक सौदे मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं पर भी धन का निवेश करेंगे साथ ही बचत भी कर पाएंगे।

कर्क - आज के दिन आप जहाँ भी रहेंगे वहीं आलस्य प्रमाद फैलाएंगे। आर्थिक लाभ की उम्मीद न एक बराबर रहेगी।

सिंह- आज के दिन आपमें चंचलता अधिक रहेगी बेकार के विषयों में मन भटकेगा परन्तु निकट भविष्य में धन लाभ के प्रबल योग भी बन रहे है।

कन्या- आज के दिन आपके द्वारा लिये निर्णय प्रेमीजनों से राग द्वेष की भावना बना सकते है। स्वभाव में दिखावे की प्रवृति रहेगी।

तुला- आज के दिन आपको आकस्मिक लाभ की सम्भावनाये बन रही है।

वृश्चिक- आज आप अपने महत्त्वपूर्ण कार्यो में सफलता पाने के लिये जी जान से प्रयत्न करेंगे आरम्भ में इनमे असफलता नजर आएगी।

धनु- आज का दिन प्रत्येक क्षेत्र से आनंद की प्राप्ति कराएगा। आज आपके अधिकांश कार्य पहले से निर्धारित रहेंगे जिससे दुविधा की स्थिति से बचेंगे।

मकर - आपका आज का दिन सामान्य रहेगा फिर भी कार्यो को अधिक बेहतर बनाने का प्रयास अवश्य करें।

कुंभ- आज के दिन भी अधिकांश समय परिस्थिति चिंता मुक्त रहेगी। लेकिन भ्रामक खबरों पर देख-भाल कर ही यकीन करें अन्यथा जल्दबाजी में गलत निर्णय हानि करा सकता है।

मीन- आजका दिन आपके पक्ष में रहेगा। मन की कल्पनाएं काफी हद तक साकार होने की संभावनाएं रहेंगी। आपके विचार भी लोगो को आकर्षित करेंगे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

फागुन लेकर आ

फागुन लेकर आ गया, सतरंगी बौछार। उड़ उड़ जाए चाव में चुनरी बारम्बार। गली-गली घर आँगना, रंगों की बौछार। प्रेम-प्रीत तन मल रहा होली का त्योहार।। फागुन आया झूमकर, बरसे रंग अबीर। प्रियतम तेरी प्रीत में मनुआ हुआ अधीर। सूनी है मन की धरा, कोरा है श्रृंगार। प्रेम रंग रँग दे पिया, होली में इस बार।

- निधि भार्गव मानवी

धूप के रंग छाँव के

धूप के रंग छाँव के रंग शहर के रंग गाँव के रंग चाँदनी के रंग सितारों के रंग बरसात के रंग नदी के रंग समंदर के रंग फूलों के रंग हरियाली के रंग पर्वतों के रंग पेड़ों के रंग आसमान के रंग धरती के रंग मेरे रंग-तेरे रंग और इन रंगों से बने तमाम रंग बने रहे हमारे भीतर ये सारे रंग।

- आशा पाण्डेय ओझा

खास पाती

नहीं पड़ता मुझे अब फर्क

नहीं पड़ता मुझे अब फर्क लोगों की बातों का, सीख गई हूँ मैं देना जवाब उनके घातों का। भीड़ नहीं चाहिए मुझे अब दिखावेपन की दुनियां में, उतर गए हैं नकाब चेहरे से अब इस नकली दुनियां में। खुदगर्जी और सहूलियत पर अब हर बात टिकी है, मतलबपरस्ती की कैची न किसी के लिए रुकी है। लोग मरे हुए का भी सामान उतार लेते हैं, गारंटी मिलने पर ही उधार देते हैं। चुप रहकर जो लोग अपनेपन का दिखावा करते हैं, घर की नींव को हिलाने में पहले वो ही धावा करते हैं। जिस दिन से मुझे फर्क पड़ना कम हो गया है, यकीन मानों आँखों का नम होना काफी कम हो गया है।**- सपना परिहार**

होली का त्यौहार आया रंगो

होली का त्यौहार आया। रंगो की फुहार लाया। रंग-गुलाल अब उड़ने लगा है। मस्ती का रंग भी चढ़ने लगा है। फागुन के इस मस्त महीने। धरती का श्रृंगार करने। बसंत ऋतु भी आ पहुची है। वन उपवन में फूल खिलें हैं। खुशबू हवा में घुलने लगी है। धरती भी अब सजने लगी है। बीती बाते भूल के कमल सब। आगे बढ़ो गुलाल लगाओ मिल कर सब।**- कमलकांत डोंगरे**

हुस्न के घर कमाल की खुशबू

हुस्न के घर कमाल की खुशबू, बेरुखी औ बवाल की खुशबू। रंगा था पिछले साल उनको, है अब भी तन पे गुलाल की खुशबू। है समंदर से दोस्ती मेरी, तो तटों पे मलाल की खुशबू। कुछ चरागों से है वजूद मेरा, सर हवाओं के काल की खुशबू। जब से बर्बादी पानी की हो रही, आ रही है अकाल की खुशबू । वो न आयेगी मेरे घर ,फिर भी हिज्र में है विसाल की खुशबू। नाम उनका ख़याल-बी तभी तो, ख्वाब में है ख़याल की खुशबू। **- संजय दानी**

मेलजोल हो सदा अनूठा ऐसी

मेलजोल हो सदा अनूठा, ऐसी अपनी टोली हो, नेहपूर्ण, मधु-जैसी मीठी, मनभावन निज बोली हो। हंसी-ठिठोली प्रीतिपूर्ण हो, हर माथे पर रोली हो, अमिट छाप जो हिय में छोड़े, ऐसी अपनी होली हो। **-राजकुमार धर द्विवेदी**

रिश्तो को पावनता दो फिर होली

रिश्तो को पावनता दो फिर होली का अर्थ मिले जीवन को सार्थकता दो फिर होली का अर्थ मिले केवल रंग गुलालो से रंग देना होली का अर्थ नहीं किसी के जीवन को रंग दो फिर होली का अर्थ मिले। **- सीमा राठी**

फगुआ बरसे हिय टीस उठै

फगुआ बरसे हिय टीस उठै, सजना तुम जाय बसे परदेश। कजरा बिंदिया न सुहाय पिया,सजनी धरि डोलि विजोगन भेष। सब डारि अबीर गुलाल रहे, मन देखि मची अभिराम कलेश। बिनु साजन फाग न भावत है तुम लौट पिया झट आवहु देश। **- सतीश मैथिल तनुज**

कजरारे बादल की कजरी सावन

कजरारे बादल की कजरी सावन का शृंगार सखे फागुन रंग रंगीली शबनम रसभंगा मनुहार सखे चैत किसानी और जवानी खुशियों का अहसास प्रिये सागर चंदा का आकर्षण पूनम का विश्वास प्रिये धरती सूरज गंगा यमुना पूरब पश्चिम सार सखे नील गगन आकाशहि गंगा मेघ धरा आधार सखे दिव्य हिमालय उत्तर सोहे गंगा सरयू धार प्रिये सई गोमती निर्मल धारा आलौकिक श्रृंगार प्रिये।

- राजकिशोर मिश्र राज प्रतापगढी

आज का इतिहास

नई दिल्ली । 1650- महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत, संत तुकाराम महाराज का निधन। 1534- गुजरात के बहादुर शाह ने चित्तौढ़गढ़ को लूटा। 1702- इंग्लैंड के राजा विलियम तृतीय की मौत के बाद महरानी ऐनी ने सत्ता संभाली।1706- कैटालोनिया की रियासत ने अपनी लघु संसद बनाई और स्पेन के राजा कार्लोस तृतीय ने अध्यक्षता की। 1838- न्यू ऑरलियन्स में अमेरिकी टकसाल ऑपरेशन शुरू किया गया। 1875- उर्दू के मरसिया कहने वाले प्रसिद्ध शायर मिर्ज़ा सलामत अली दबीर का निधन।1908 - अमेरिका में महिला मजदूर आंदोलन से महिला दिवस मनाने की शुरुआत हुई।1911- यूरोप में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 1921- प्रसिद्ध फिल्म गीतकार साहिर लुधियानवी का जन्म। 1921- स्पेन की राजधानी मैड्रिड में पार्लियामेंट से बाहर निकलते वक्त राष्ट्रपति एडवर्डो दातो की हत्या। 1924- अमेरिका के कैसल गेट शहर के यूटा में 172 कोयला खनिजों की मौत।

QUIZ TIME

1) ओलंपिक सवर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को किस देष के पर्यटन विभाग ने अपना मैत्री दूत नियुक्त किया है?
2) विश्व मृदा दिवस 2022 किस अभियान के साथ मनाया गया?
3) राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन कब शुरू किया गया था?
4) किस रेलगाड़ी में पायलट परियोजना के तहत ग्रीन टॉयलेट योजना को शुरू किया गया है?
5) सर डेविड बटलर, जिनका हाल ही में देहांत हो गया, को किस नाम से जाना जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) स्विट्जरलैंड (2) मृदा जहां भोजन शुरू होता है (3) 15 अगस्त, 2021 (4) हमसफर एक्सप्रेस (5) चुनाव विज्ञान के

प्रेरक प्रसंग – हमारी जिन्दगी की नाव

एक आदमी ने एक पेंटर को बुलाया अपने घर, और अपनी नाव दिखाकर कहा कि इसको पेंट कर दो ! उस पेंटर ने पेंट लेकर उस नाव को लाल रंग से पेंट कर दिया जैसा कि नाव का मालिक चाहता था। फिर पेंटर ने अपने पैसे लिए और चला गया ।

अगले दिन, पेंटर के घर पर वह नाव का मालिक पहुँच गया, और उसने एक बहुत बड़ी धनराशी का चेक दिया उस पेंटर को । पेंटर भौंचक्का हो गया, और पूछा ड्ड ये किस बात के इतने पैसे हैं ? मेरे पैसे तो आपने कल ही दे दिया था । मालिक ने कहा ड्ड ये पेंट का पैसा नहीं है, बल्कि ये उस नाव में जो छेद था, उसको रिपेयर करने का पैसा है , पेंटर ने कहा ड्ड अरे साहब, वो तो एक छोटा सा छेद था, सो मैंने बंद कर दिया था। उस छोटे से छेद के लिए इतना पैसा मुझे, ठीक नहीं लग रहा है ।

मालिक ने कहा ड्ड दोस्त, तुम्हें पूरी बात पता नहीं !अच्छा में विस्तार से समझाता हूँ। जब मैंने तुम्हें पेंट के लिए कहा तो जल्दबाजी में तुम्हें ये बताना भूल गया कि नाव में एक छेद है उसको रिपेयर कर देना और जब पेंट सूख गया, तो मेरे दोनों बच्चे उस नाव को समुद्र में लेकर नौकायन के लिए निकल गए ।

मैं उस वक़्त घर पर नहीं था, लेकिन जब लौट कर आया और अपनी पत्नी से ये सुना कि बच्चे नाव को लेकर नौकायन पर निकल गए हैं तो मैं बदहवास हो गया। क्योंकि मुझे याद आया कि नाव में तो छेद है !

मैं गिरता पड़ता भागा उस तरफ, जिधर मेरे प्यारे बच्चे गए थे। लेकिन थोड़ी दूर पर मुझे मेरे बच्चे दिख गए, जो सकुशल वापस आ रहे थे अब मेरी ख़ुशी और प्रसन्नता का आलम तुम समझ सकते हो !

फिर मैंने छेद चेक किया, तो पता चला कि, मुझे बिना बताये तुम उसको रिपेयर कर चुके होज्तो मेरे दोस्त उस महान कार्य के लिए तो ये पैसे भी बहुत थोड़े हैं !

मेरी औकात नहीं कि उस कार्य के बदले तुम्हे ठीक ठाक पैसे दे पाऊं , जीवन मे भलाई का कार्य जब मौका लगे हमेशा कर देना चाहिए, भले ही वो बहुत छोटा सा कार्य ही क्यों न हो ! क्योंकि कभी कभी वो छोटा सा कार्य भी किसी के लिए बहुत अमूल्य हो सकता है।

सभी मित्रों को जिन्होने 'हमारी जिन्दगी की नाव' कभी भी रिपेयर की है उन्हें हार्दिक धन्यवाद और सदैव प्रयत्नशील रहें कि हम भी किसी की नाव रिपेयरिंग करने के लिए हमेशा तत्पर रहें।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -363

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 362 का हल

अं	त		म	री	ज			
ग	ह	न	ता		ब	र	ब	स
	की		धि	क्का	र		र	मा
	का		का		द	बा	खा	ना
प	त	वा	र		स्त	र		
ह						दा	मि	नी
ना		ए	ह	ति	या	त		लां
वा	च	क		हा			खू	ब
		ता	ब	ड़	तो	ड़		र

भाजपा विधायकों-नेताओं की उपस्थिति में रतलाम में हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष परोसी गई अश्लीलता

धार्मिक आस्थाओं के अपमान को लेकर कांग्रेस ने किया भाजपाईओं को सद्बुद्धि देने हनुमान चालीसा पाठ

भोपाल/नवप्रदेश। रतलाम में भाजपा नेताओं की उपस्थिति में भगवान हनुमान जी की मूर्ति के सामने हिन्दू धर्म की आस्था को अपमानित करने वाला और नारी शक्ति को आहत करने वाला आयोजन ''महिला शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता'' (बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता) में परोसी गई अश्लीलता भाजपा द्वारा भगवान राम और नारी शक्ति का घोर अपमान है।

भगवान हनुमान जी के परम भक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी ने भाजपा नेताओं की उपस्थिति में हुये इस अश्लीलता परोसने वाली प्रतियोगिता को बेहद आपत्तिजनक बताते हुये भाजपा नेताओं को सद्बुद्धि प्रदान करने प्रदेश भर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन करने के निर्देश दिये। इसी कड़ी में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय परिसर में कांग्रेस पदाधिकारियों, मीडिया विभाग के पदाधिकारियों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर अश्लीलता परोसरे

वाली भाजपा और उसके नेताओं को सद्बुद्धि प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने कहा कि जहां एक ओर भाजपा अभिनेत्री दीपिका पादुकोण द्वारा विकनी पर फिल्माये गये दृश्य पर कड़ी आपत्ति जताती है वहीं दूसरी ओर भाजपा नेताओं की उपस्थिति में हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष अर्द्वनग्न प्रतियोगिता का आयोजन कर धार्मिक आस्थाओं पर कुठाराघात करती है। भाजपा द्वारा इस तरह अलग-अलग आखों से देखने का यह चाल चरित्र और चेहरा उसकी कुत्सित मानसिकता को दर्शाता है। आखिर क्या कारण है कि रतलाम में हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष हुये इस अश्लील प्रदर्शन पर पूरी भाजपा के मुंह में दही क्यों जम गया है। क्या राम के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा का यही असली चेहरा है? मिश्रा ने कहा कि भाजपा के इस आयोजन से जहां एक ओर धार्मिक आस्था आहत हुई है, वहीं अतंर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह में पूरी नारी शक्ति का भी घोर अपमान हुआ है। हिंदू धर्म एवं भारतीय संस्कृति के साथ ऐसा भद्दा मजाक उ?ाया जा रहा है, उसे अपमानित किया जा रहा है जो प्रदेश ही नहीं देश की नारी शक्ति के लिए बेहद शर्मनाक और आपत्तिजनक है। भाजपा और उसके नेता इस कृत्य के लिए पूरी नारी शक्ति से मांफी मांगे।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय परिसर में आयोजित हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के पदाधिकारी भूपेन्द्र गुप्ता, अजयसिंह यादव, अभिनव बरोलिया, आनंद तारण, विक्की खोंगल, मिथुन अहिरवार, कुंदन पंजाबी, फिरोज सिद्दीकी, हृदेश किरार, गज्जू तिवारी, विजय सिंह सहित ब?ी संख्या में कांग्रेजन उपस्थित थे।

सागर में सड़क दुर्घटना में निगमकर्मी की मौत: ड्यूटी पर जाते समय बस ने बाइक को मारी टक्कर, अस्पताल में तोड़ा दम

सागर/नवप्रदेश। सागर के मकरोनिया थाना क्षेत्र में हॉक कैंटीन के पास तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार निगमकर्मी को टक्कर मार दी। दुर्घटना में नगर निगम का कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुआ। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार विकास जैन उम्र 43 साल निवासी कृष्णानगर सागर नगर निगम में एनयूएलएम में शाखा का काम देखते थे। वे मकरोनिया अपने घर से बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए नगर निगम के लिए रवाना हुए। इसी दौरान मकरोनिया से सिविल लाइन मार्ग पर हॉक कैंटीन के पास तेज रफ्तार बस ने बाइक और स्कॉर्पियो वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और विकास गंभीर रूप से घायल हुए। घटना देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मकरोनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान विकास ने दमतोड़ दिया। मामले में मंगलवार को पुलिस ने शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम कराया। मकरोनिया थाना प्रभारी एमके जगेत ने बताया कि मामले में कार्रवाई कर बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

फल एवं सब्जी दुकानदारों ने फिर लांघी सीमाएं

नपा द्वारा तय की गई सीमा से बाहर लगा रहे दुकान

गैरतगंज/नवप्रदेश। नगर के फल सब्ज़ी बाजार में दुकानें संचालित करने वके फल सब्ज़ी हाथठेला दुकानदारों द्वारा एक बार फिर सीमाएँ लांघकर नपा द्वारा तय सीमा के बाहर आकर दुकानें लगाई जाने लगी है। जिसके चलते आवागमन एक बार फिर बाधित होने लगा है। उधर निगरानी के लिए तैनात नपा अमला उदासीन बना हुआ है। नगर के मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र में बीते वर्ष फल सब्ज़ी दुकानदारों को स्थायी रुप से स्थापित किया गया था। स्थानीय प्रशासन द्वारा

हाथ ठेला दुकानदारों की सीमाएं तय करके नियमों के पालन करने की सख़्त हिदायत दी थी। परन्तु प्रशासन के निर्देशों एवं नपा की सक्रियता के अभाव में रख बार फिर फल सब्ज़ी दुकानदार तय सीमाओं को लांघकर अव्यवस्थाएं फैला रहे है। यही नही सड़क पर हाथ ठेले आ जाने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित करने लगे है। दुकानदारों द्वारा इस बाजार में दुकान लगाने के साथ एक अन्य हाथ ठेला दुकान अस्थाई रूप से मुख्य भोपाल सागर सड़क मार्ग, मुख्य बस स्टैंड, गांधी प्रतिमा के पास, फर्सी रोड मार्ग सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाकर परेशानी का सबब बनने लगे है। बस स्टैंड पर हाथ ठेला दुकानदारों के आने से यात्री बसों को खड़े होने, सवारियों को आवागमन होने सहित अन्य अव्यवस्था फैल रही है। उधर नपा अमला भी अपनी निष्क्रियता का परिचय देते हुए कोई कार्रवाई नही कर रहा है। इस मामले में नपा सीएमओ रितु मेहरा का कहना है कि शिकायत मिली है जल्द ही कार्रवाई की जावेगी।

महिलाओं को वस्त्र वितरित कर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

बरेली/नवप्रदेश। नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी उद्देश्य को लेकर बरेली नगर में सेवा कर रही टीम पहल नगर की निशुल्क सेवा संस्था टीम पहल लगातार विभिन्न अभियान चलाकर गोसेवा सहित मानव सेवा कर रही है वही नगर के नागरिक भी बढ़-चढ़कर टीम पहल का सहयोग करते हैं इसी क्रम में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा संघ की महिला इकाई के द्वारा पहुंचकर टीम पहल के निराश्रित आश्रम में रहने वाले बुजुर्गो को भोजन की व्यवस्था की एवं आश्रम में रहने वाली महिलाओं के लिए वस्त्र वितरण किए गए जिसमें टीम पहल निराश्रित आश्रम में रहने वाली महिलाओं को साड़ी वितरण की गई एवं महिलाओं से आशीर्वाद लेकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया टीम पहल में हो रहे नवीन भवन निर्माण का अवलोकन भी किया गया एवं टीम प्रांगण में वृक्ष लगाकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया इसके उपरांत बरेली नगर के चौधरी चौक पर स्थित सेवालय वृद्ध आश्रम में पहुंचकर आश्रम में रहने वाली महिलाओं को भी साड़ियां वितरण की गई। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की जिला अध्यक्ष श्रीमति रितु शर्मा जी, उपाध्यक्ष सविता तिनगुनिया, श्रीमति साधना राजोरिया , श्रीमति क्षमा शर्मा श्रीमति नीलम शर्मा, श्रीमति चांदनी शर्मा , श्रीमति उर्मिला त्रिपाठी, श्रीमति यामिनी गौतम,श्रीमति ममता उपाध्याय, श्रीमति मंजू शर्मा ,श्रीमति भारती भार्गव ,श्रीमति ब्रज लता उपाध्याय, श्रीमति मेघा भार्गव ,श्रीमति प्रगति भार्गव ,श्रीमति सविता पालीवाल ,श्रीमती उमा शर्मा। कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजन, महर्षि स्कूल की शिक्षिकाओं ने निकाली स्कूटी रैली

छतरपुर/नवप्रदेश। महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड की शिक्षिकाओं द्वारा एक स्कूटी रैली का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय की छात्राओं गरिमा पटेरिया, अदित्रि अग्रवाल, अनुष्का अग्रवाल, ज्योति यादव, दिव्यांसी सिंह एवं नैंसी राय ने भी हिस्सा लिया। इस रैली को श्रीमति प्रियंका चौहान न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं श्रीमति मृणालिनी सक्सेना न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा विवेकानंद तिराहा बिजावर नाका से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे एके पाठक भी उपस्थित रहे। इस रैली में जहां एक ओर सबसे आगे महिला शिक्षिकायें थीं तो वहीं पीछे पीछे पुरुष शिक्षक भी महिला सम्मान में रैली का हिस्सा रहे। विद्यालय प्रशासन की ओर से पंकज जैन द्वारा बताया गया कि वैसे तो अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है परंतु होली होने के कारण इसे रविवार को मनाया जा रहा है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से पूरे सप्ताह विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा। यह रैली आकाशवाणी तिराहा, पत्रकार चौक, चौक बाजार, महल रोड से होते हुयी छत्रसाल चौक पर श्रीमती दमयान्ति पाणी सचिव गांधी आश्रम के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. सुमति प्रकाश जैन उपस्थित रहे। विद्यालय द्वारा श्रीमति प्रियंका चौहान न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमति मृणालिनी सक्सेना न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं दमियान्ति पाणी को शॉल एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमति प्रियंका सक्सेना ने कहा कि अब वक्त बदल चुका है अब महिलाओं को अपने हक के लिए लडने् की आवश्यकता नही है बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे एके पाठक ने कहा कि महिलाओं के हितों के लिए कानून तो बहुत बन गए है परंतु महिलाओं की आधे से ज्यादा आबादी ग्रामीण अंचलों में रहने के कारण उन तक इनका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है उन्हें जागरूक करना समाज के हर वर्ग का दायित्व बनता है। विद्यालय प्राचार्य सीके शर्मा ने शहर की समस्त महिलाओं को महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्र एवं समाज निर्माण में महिलाओं का

शाढोरा थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

शाढोरा/नवप्रदेश। आने वाले तीज त्यौहार होली , भाई दूज , रंग पंचमी , रमजान , चैत्र नवरात्रि त्यौहारो को लेकर शाढोरा थाना में शांति समिति की बैठक हुई जिसमें शाढोरा तहसीलदार अनुराग जैन ,नायब तहसीलदार मयंक खेमनिया , शाढोरा थाना प्रभारी अजय जाट एवं पत्रकारजन ,गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए । बैठक में आने वाले तीज त्यौहारो को लेकर चर्चा हुई और लोगों ने अपने अपने सुझाव रखे । शाढोरा कस्बा सहित क्षेत्र में विगत वर्षो से हमेशा ही तीज त्यौहार शांतिपूर्ण बनाए जाते रहे हैं , इसी तारतम्य में आने वाले तीज त्यौहार भी शांतिपूर्ण मनाने की अपील तहसीलदार एवं थाना प्रभारी द्वारा जनता जनार्दन से की गई । तहसीलदार अनुराग जैन एवं थाना प्रभारी अजय जाट द्वारा शाढोरा क्षेत्र के लोगो से अपील की गई है कि वह सभी जन अपने-अपने तीज त्योहारों को बहुत ही सौहाद्र वातावरण में और शांति पूर्वक ,मिलजुलकर मनाएं , जिससे कि हमारे देश में सुख शांति और अमन बना रहे । इस अवसर पर थाना प्रभारी अजय जाट ने बताया कि यदि कोई असामाजिक तत्व के द्वारा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना कारित करता हैं तो उसके खिलाफ तुरन्त कार्यवाही की जाएगी । ऐसी कोई बात हो तो हमे तुरंत सूचना करें । बैठक में करीला मेला और होलिका दहन , के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई और आगे की कार्य योजना बनाते हुए बैठक को एक सफल रूप दिया गया । इस अवसर पर शाढोरा पुलिस का समस्त स्टाफ एवं कर्मचारी और गणमान्य नागरिक , पत्रकार बंधु और अधिकारी उपस्थित रहे । थाना के सौंदर्यीकरण को लेकर थाना प्रभारी अजय जाट की विशेष रुचि के चलते थाना प्रांगण में साफ-सफाई की व्यवस्था चौकस रही , एवं लाइटिंग की व्यवस्था सुव्यवस्थित थी जिससे प्रांगण में पर्याप्त मात्र में रोशनी चमचमा रही थी।

ब्लॉक युवा कांग्रेस ने चलाया नगर में हस्ताक्षर अभियान

खिरकिया । ब्लाक युवा कांग्रेस के नेतृत्व में नगर परिषद खिरकिया के द्वारा सम्पत्ति कर एवं जलकर में चार गुना व्रद्धि के विरोध में हस्ताक्षर अभियान शहर में चलाया गया। इस अभियान में व्यापारियों एवं आम नागरिकों ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के नगर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष कोठारी युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष भूपेंद्र राजपूत रिकू पगारे जितेंद्र राजपूत सावन शर्मा अनुरूप बायवर गोल्डी कुशवाहा वीरू ठाकुर नरेंद्र आठनेरे बंटी वर्मा सुरेंद्र राजपूत मयूर जैन लालू राजपूत हार्दिक जयसवाल पंकज विश्नोई आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

मण्डला/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय परिसर पर जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया, गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिवस के पूर्व प्रदेश की जनता को एक संदेश देते हुए आग्रह किया है कि उनके जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगायें। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री पंडित सिंह धुर्वे, जिला महामंत्री उमेश ठाकुर, नीरज मरकाम, भगवती श्रीधर प्रदेश मंत्री सुश्री शशि पटेल, सुधीर कसार, सुषमा मिश्रा, पारस असरानी, थामन बरमैया, प्रशांत दीक्षित, अनीता तिवारी, निशा विश्वकर्मा, शिव पूसाम, संदीप नामदेव, कृष्ण कुमार चौकसे, अखिल सिहारे, ललित लोधी, अनंत राठौर, अंशुमाली शुक्ला, एवं मण्डल अध्यक्ष उपस्थित थे।

सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा का हुआ समापन

बेटमा/नवप्रदेश। बेटमा में विधायक विशाल पटेल द्वारा आयोजित विश्व विख्यात कथावाचक सीहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा के सोमवार को विराम दिवस में क़रीब एक लाख की संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचे । अंतिम दिन अपनी कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि कथा करने वाले वक्ता समझाने आये और समझ गए तो ठीक, उसकी कहि बातो से अगर सुधर गए तो ठीक है । नहीं तो वक्त उसे सुधार देता है । जो बहुत भारी पड़ता है ओर फिर वह आँसू ही बहाता है, वही उन्होंने घर में बेटी होने के महत्व को भी समझाया। कथा के अंतिम दिन में विधायक , संजय शुक्ला, बालमुकुंद सिंह गौतम सहित कई नेतागण भी पहुंचे। कथा के अंतिम दिन व्यासपीठ की पूजा व आरती विधायक परिवार जनों ने की। इस आयोजन में बेटमा वासी भक्त पिछले एक सप्ताह से कई जगह अपनी निशुल्क सेवाएं दे रहे थे। विधायक विशाल पटेल ने अंतिम दिन मंच से बेटमा के पुलिस प्रशासन, व्यापारियों, दुकानदारों, मीडिया व सभी कार्यकर्ताओं की टीम को इस पूरी व्यवस्था सम्हालने के साथ नगरवासी शिवभक्तों को भी इसके लिए धन्यवाद दिया।

बगैर ध्वज के मुंह चिढ़ा रहा 10 लाख रु लागत का स्तंभ

गैरतगंज/नवप्रदेश। नगर के टेकापार कालोनी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में बीते कुछ माह पूर्व 100 फिट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया था। इस राष्ट्रीय ध्वज को गणतंत्र दिवस के बाद उतार लेने से खाली पड़ा ध्वज स्तंभ मानो सभी को मुँह चिढ़ा रहा है। नगर परिषद गैरतगंज द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर के वार्ड 1 टेकापार कॉलोनी स्थित अम्बेडकर पार्क में 100 फिट ऊंचे विशालकाय राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना की गई थी। जिसकी अनुमानित लागत 10 लाख रु बताई गई है। इस राष्ट्रीय ध्वज को स्थापना के बाद कुछ दिनों तक फहराया गया परन्तु मौसम की खराबी के चलते इसे उतार लिया गया। बाद में गणतंत्र दिवस के मौके पर एक बार फिर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद इसे नपा प्रशासन ने उतरवा लिया। 100 फिर ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना से नागरिकों में हर्ष था कि उनके नगर में हमेशा राष्ट्रीय ध्वज लहराएगा जो नगर की शोभा को बढ़ाएगा।

एक साथ निकलीं 38 बारातें नेताओं और अधिकारियों ने किया दूल्हों का टीका

छतरपुर। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के माध्यम से रविवार को छतरपुर नगर पालिका के द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दो पुनर्विवाह, एक निकाह सहित 38 बेटियों की शादियां कराई गईं। सरकारी आयोजन में हुए विवाह समारोह के अंतर्गत सभी बेटियों को 38-38 हजार रूपए की गृहस्थी की सामग्री एवं 11 हजार रूपए की चैक भेंट की गई। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत लंबे समय बाद एक बार फिर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन होने से गरीब परिवारों के चेहरों पर खुशी देखी गई। नगर पालिका प्रांगण में आयोजित इस विवाह समारोह में मंचीय कार्यक्रम के दौरान जिले के भाजपा नेताओं ने भाषण देते हुए इस योजना की सामाजिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, बड़ामलहरा विधायक प्रद्युम्न सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या हरिओम अग्रिहोत्री, भाजपा के वरिष्ठ नेता जुझार ड्क्षसह बुन्देला, उमेश शुक्ला, नपाध्यक्ष ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया, उपाध्यक्ष विकेन्द्र बाजपेयी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री अरविंद पटैरिया एवं उपाध्यक्ष अशोक दुबे सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

पर्यटकों को लुभा रही है पार्कों की फुलवारी

खजुराहो। पर्यटन नगरी में नगर परिषद द्वारा एक दर्जन से ज्यादा पार्कों का निर्माण किया गया है, जिसमें नमो चिल्ड्रन पार्क, गुलाब बाग, प्रेमसागर वाटिका, विद्याधर कॉलोनी स्थित अटल पार्क, रसरंग पार्क प्रमुख रूप से विकसित किये गए हैं। इन पार्कों में पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को आनंद के अनुभव का आभास कराने के लिए पानी के फब्बारे, आराम कुर्सी, लाइट के साथ पर्याप्त ग्रीनरी तथा फुलवारी की व्यवस्था की गई है। फागुन माह के इन दिनों में खजुराहो के पार्कों की फुलवारी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इन पार्कों की देखरेख और रख-रखाव करवा रहे ज्ञान सिंह परमार ने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पार्कों में काम किया जा रहा है। हाल ही में जी-20 की बैठकों में आये विदेशी मेहमानों तथा जनप्रतिनिधियों ने इन पार्कों में पौधरोपण करते हुए यहां के वातावरण तथा फुलवारी की प्रशंसा की थी। खजुराहो भ्रमण पर आने वाले पर्यटक अक्सर इन पार्कों में प्रकृति के आनंद का अनुभव लेते दिखाई देते हैं।

काछी महासभा स्वजातीय बंधुओं की बैठक हुई आयोजित

मण्डला/नवप्रदेश। काछी (हरदहा) महासभा द्वारा स्वाजातीय जन प्रतिनिधियों का वर्ष 2021/2022 में त्रिस्तीय पंचायत निर्वाचन/ नगर पालिका मण्डला/ नगर परिषद बम्हनी बंजर एवं अन्य समितियों में निर्वाचित हुये है, ऐसे स्वाजातीय बन्धुओं का महासभा द्वारा एक कार्यक्रम हरदहा पंचायत भवन बम्हनी बंजर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अरविंद हरदहा पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत परिषद बम्हनी बंजर,विशिष्ट अतिथि शशि शंकर कछवाहा अध्यक्ष कछवाहा समाज मंडला ,अतिथि पंचम लाल हरदहा रिटायर शिक्षक की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया है जिसमें नगर परिषद बम्हनी बंजर अध्यक्ष श्रीमती मीना हरदहा, पार्षद जगदीश हरदहा नगर पालिका अध्यक्ष मंडला विनोद कछवाहा, उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, बसंत हरदहा गंगोरा, मनोज हरदहा गंगोरा,अंजली हरदहा गंगोरा,सुमन हरदहा गंगोरा,बिंदा हरदहा(जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मोर्चा), सत्यम पटैल सकवाह कला,बसंत हरदहा सकवाह कला, सुलोचना हरदहा सकवाह कला, राजेश हरदहा (प्रान्तीय अध्यक्ष आप अपनी पार्टी),राकेश हरदहा (प्रान्तीय महामंत्री),शिव हरदहा (प्रन्तीय सचिव)एवं अन्य निर्वाचित सदस्य गण को पुष्प हार पहना कर तिलक लगाकर, एक एक शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया मंच का संचालन अशोक हरदहा द्वारा किया गया। हरदहा समाज को अरविंद हरदहा, विनोद कछवाहा,अखिलेश कछवाहा, अध्यक्ष काछी (हरदहा) महासभा मंडला के कृष्ण कुमार हरदहा,अशोक हरदहा,गोपाल हरदहा,शशिशंकर कछवाहा,खेम लाल हरदहा ,बिंदा हरदहा,सीता राम कछवाहा,अजय कछवाहा, एवं अन्य ने हरदहा महासभा को अपनी बात रखकर सम्बोधन किया,महासभा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार हरदहा ने उदबोधन में कहा आज हम राजनीतिक रूप से भी संगठित हो ताकि समाज का उत्थान कर सकें।आज हमारे समाज का संगठन है तो कहूँगा की संगठन में ही ताकत होती है जो हमें राजनीतिक रूप से शक्तिशाली करती है।

कार्यक्रम में संरक्षक गणेश हरदहा,संरक्षक गोपाल हरदहा ,नरोत्तम लाल हरदहा,ठुन्नू लाल हरदहा,मानसिंह हरदहा,सुनील हरदहा,बसंत हरदहा, ,मीडिया प्रभारी अनिल हरदहा डा.अनिल हरदहा, दिलीप हरदहा,महेन्द्र हरदहा(लल्ला),गोपाल हरदहा,चतुर्भुज हरदहा,तारेन्द्र हरदहा,ललीता हरदहा (पूर्व पार्षद),फूल बाई, पुष्प लता हरदहा,राम बाई, आशा हरदहा,चन्दा बाई राजेश हरदहा,राकेश हरदहा,डॉ भैरो हरदहा,सतीश हरदहा, श्रीगोपाल हरदहा,माया हरदहा,शिव नारायण,रामनारायण,,समस्त इकाई के पदाधिकारी एवं आदि स्वजातीय बन्धु कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड नं-3 ,पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित, प्रबंध संपादक डॉ. शिशिर उपाध्याय,
फोन नं : 0755-2465533, मो. 9039005699 (न्याय क्षेत्र भोपाल), MPHIN/2017/72749 email:navpradeshbhopal@gmail.com

न्यूज गैलरी

होली मिलन समारोह में शामिल हुई सरोज पांडे

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। सांसद सरोज पांडेय द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए अहिवारा मंडल के कार्यकर्ता राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय एंव वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पांडेय को दी होली की शुभकामनाएं साथ ही अहिवारा मंडल में चल रहे कार्यो के बारे भी जानकारी दी उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक साँवला राम डाहरे,अहिवारा नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार,मंडल अध्यक्ष लिमन साहू, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दाऊ आनंद ताम्रकार,मंडल महामंत्री सुदर्शन गिरी,संजय पांडेय, भाजपा नेता सतीश साहू,राजा शर्मा, ममता जंघेल, भाजयुमो मंडल महामंत्री राहुल चंदेल, समीर डाहरे, नगर उपाध्यक्ष साहिल खान, बोरी मंडल महामंत्री पंकज पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सतनामी समाज के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत परिक्षेत्र के इकाई ग्राम खेदामारा में सतनामी समाज के पदाधिकारियों द्वारा बैठक आयोजित किया गया। जिसमें गुरु घासीदास बाबा जी के अमरवाणी मनखे- मनखे एक समान के उद्देश्य को साकार किया गया तथा व्यापारी संघ का सम्मान हमारे सतनामी समाज अहिवारा विधानसभा के सामाजिक पदाधिकारी व अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के द्वारा सम्मान किया गया । जिसमे सतनामी समाज के पदाधिकारियों में संरक्षक परगनिहा गायकवाड़ , खेदूराम जांगड़े , अध्यक्ष संतोष बंजारे जी,उपाध्यक्ष जागृत बंजारे, महेंद्र बंजारे , कोषाध्यक्ष सदई बांधे जी, महासचिव छन्नूलाल बंजारे , सचिव एवं रामपुर पार्षद राकेश कुर्रे जी,अंतरराष्ट्रीय कलाकारों में बुधलाल बर्रे (गायक एवं संचालन करता), मिलाप दास बंजारे, पी डी बर्रे, सुखलाल महिलांग, संजय कोसले, पुष्पेंद्र जांगड़े एवं व्यापारी संघ के सदस्यों में चंद्रहास गोस्वामी जनपद पंचायत धमधा ब्लॉक सभापति, संतु सोनवानी,हरिशंकर यादव, प्रभुनाथ विश्वकर्मा, हेमंत चंद्रवंशी, कमलकांत पांडे और अन्य सदस्यों का शॉल,श्रीफल और प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया जिसमे बड़ी संख्या में महिला और पुरुषो की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग मच्छरों से होने वाली बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया से बचाव व रोकथाम के लिए जन समुदाय में जागरूकता लाने तथा मौसमी जल जनित बीमारियों उल्टी-दस्त, पीलिया, डायरिया, टाइफाइड से बचाव रोकथाम और महामारी नियंत्रण के साथ ही ग्रीष्म ऋतु में लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग से आए हुए एक्सपर्ट ने कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए जिला महामारी विशेषज्ञ रितिका सोनवानी, ट्रेनिंग ऑफिसर हितेंद्र कोसरे तथा लकी दुबे ने बीमारियो के लक्षण उभरने तथा इसके उपचार कराने और बचाव के उपाय भी बताए गए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा भी मौजूद रहे। डेंगू की रोकथाम के लिए यह उपाय अपनाएं घर एवं आसपास पानी जमा न होने दें, पानी जमा होने वाले स्रोतों को नष्ट करें। जमे हुए पानी में जला हुआ मोबिल ऑयल तथा मिट्टी तेल का छिड़काव अवश्य करें। मच्छर से बचने मच्छरदानी का उपयोग करें। मच्छरों को कम करने के लिए इन पौधों को करें रोपण आवासीय क्षेत्र में मच्छरों को कम करने के लिए तुलसी, कृष्ण तुलसी, ओडोमॉस, पुदीना, दमनक, अजवाइन, मरीच, लहसुन, गेंदा तथा लेमनग्रास के पौधों को घरों में लगा सकते हैं।

20 एमआईजी और 10 एमआईजी भवनों का कुम्हारी में आबंटन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र एवं संभाग दुर्ग द्वारा आज 06 मार्च को कुम्हारी कालोनी में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मण्डल के कुम्हारी कॉलोनी अंतर्गत निर्मित 20 एम.आई.जी. -। एवं 10 एम.आई.जी.-।। भवनों में निवासरत मेसर्स भगवती प्रसाद केड़िया कंपनी के तत्कालीन कर्मचारियों/कर्मचारियों के आश्रितजनों को मुख्यमंत्री के ओ.एस. डी. मनीष बंछोर के द्वारा आबंटन आदेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, वार्ड पार्षद ओमनारायण वर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा, जिला प्रशासन से डिप्टी कलेक्टर जागेश्वर कौशल, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल से अपर आयुक्त एच.के.जोशी, उपायुक्त आर.के.राठौर, कार्यपालन अभियंता एस.आर.ठाकुर एवं सम्पदा अधिकारी डी. एस. उर्वशा उपस्थित रहे।

1 मार्च से 15 मार्च तक मनाया जा रहा है मिशन परिवार विकास पखवाड़ा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन परिवार विकास पखवाड़े का आयोजन 1 मार्च से 15 मार्च तक किया जाएगा जिसमें जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा जैसे गतिविधियों का आयोजन होगा। जिसके अंतर्गत 1 मार्च से 7 मार्च दंपत्ति संपर्क पकवाड़ा एवं 7 मार्च से 15 मार्च तक सेवा प्रदायगी पखवाड़ा मनाया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक में मिशन परिवार पखवाड़ा की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बीआर पुजारी एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस मंडल के द्वारा प्रसार-प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त रथ के माध्यम से जिले के समस्त विकास खंडों में मिशन परिवार पखवाड़ा का प्रचार प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजेंद्र बारले, खंड चिकित्सा अधिकारी दंतेवाड़ा डॉ राजेश राय, आर एम एन सी एच सलाहकार अंकित सिंह, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जीवन नाग, डब्ल्यूएचओ जिला सलाहकार श्री कुमार गौरव, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी श्री बीएस नेताम, आशीष सरकार एवं अन्य कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे।

व्यापारियों के सहयोग से होगा प्लांटेशन

■ व्यवसायी खुद देखरेख कर पौधे को सवारेंगे, शहर को सुंदर बनाने में करेंगे सहयोग

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के मध्य आज महत्वपूर्ण बैठक हुई। आयुक्त ने कहा कि शहर को सुंदर बनाने के लिए मार्केट क्षेत्रों में व्यापारी वृक्षारोपण करें तथा इसे संवारने की जिम्मेदारी लें तो शहर में हरियाली का दायरा बढ़ेगा। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कहा कि मार्केट क्षेत्रों में बहुत ही कम स्थान मिल पाता है, लेकिन स्वच्छ वातावरण के लिए मार्केट क्षेत्रों में भी उपयुक्त स्थानों पर वृक्षारोपण व्यापारियों के सहयोग से किया जा सकता है, व्यापारी अपने द्वारा लगाए गए पौधों की स्वयं देखरेख करे तो पौधे सत प्रतिशत बड़े हो पाएंगे तथा अच्छा वातावरण लोगो को मिल पाएगा। इस दिशा में उन्होंने व्यापारियों से सहयोग करने कहा, उन्होंने कहा कि आजकल आधुनिक तरीके से कम स्थानों पर प्लांटेशन की नई तकनीक में काम किया जा रहा है। जहां पर टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक लगे होते हैं वहां पर भी अच्छी तकनीकों का उपयोग कर वृक्षारोपण किया जा सकता है। बहुत ही कम स्पेस वाले स्थानों में ऐसे वृक्षारोपण कारगार भी साबित हो रहे हैं। इसके लिए ऊंचाई वाले पौधे और सुरक्षा की दृष्टि से लगे हुए पाइप की तकनीक काफी उपयोगी है, पाइप लगे होने के कारण सुरक्षात्मक दृष्टि से इन्हें हानि भी नहीं होती है और पौधे बढ़ते चले जाते हैं, इन्हें कम जगह वाले स्थानों में आसानी से लगाया जा सकता है। प्रारंभिक दौर में पौधों की देखरेख की आवश्यकता बहुत होती है यदि इसकी जिम्मेदारी व्यवसायी ले ले तो मार्केट क्षेत्रों को भी हरियाली युक्त किया जा सकता है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए हामी जताई है तथा शीघ्र ही इस पर अमल करने की बात कही है। नियमितीकरण को लेकर कुछ संशय व्यापारियों के मन में था, निगमायुक्त ने इसके बारे में विस्तार से चेंबर ऑफ कॉमर्स को जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि अपने सभी व्यापारिक बंधुओं को नियमितीकरण के बारे में बताते हुए अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण कराने पहल करें और आवेदन कराकर इसका लाभ दिलाए। आज की बैठक में प्रमुख रूप से चेंबर ऑफकॉमर्स के प्रदेश सचिव अजय भसीन, भूषण अग्रवाल, सुरेश होतवानी, पवन अग्रवाल, सुभाष साहू, सुनील मिश्रा, विनय सिंह, रितेश अग्रवाल, अखिलेश सिंह भिलाई निगम से प्रभारी भवन अनुज्ञा अधिकारी तपन अग्रवाल एवं भवन अनुज्ञा विभाग के उप अभियंता सिद्धार्थ साहू मौजूद रहे।

अटल नगर से दुर्ग तक लाइट मेट्रो, कृषि के क्षेत्र में बड़ी सौगात

■ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बजट में दुर्ग जिले के लिए बड़ी सौगात दी है। अटल नगर से दुर्ग तक लाइट मेट्रो सेवा शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही दुर्ग में एसडीओ कृषि के कार्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया। फुंडा में नवीन पशु औषधालय के अलावा रिसाली, सेलूद और अंडा के पशु औषधालयों का उन्नयन किया गया है और इसमें नये पद सृजित किये गये हैं। ग्राम किकिरमेटा में नवीन मत्स्य प्रक्षेत्र एवं हैचरी स्थापित की जाएगी। भिलाई 3 में उप पंजीयक कार्यालय के लिए भवन का प्रस्ताव रखा गया है। जिले के चिकित्सा महाविद्यालय में ई-चिकित्सालय के लिए बजट रखा गया है। स्मृति नगर भिलाई में नवीन पुलिस थाना तथा दुर्ग में नये साइबर थाने की स्थापना का निर्णय लिया गया है। कुम्हारी में स्मार्ट थाना और दुर्ग में अंग्रेजी माध्यम माडल मेडिकल कालेज तथा लिटिया में नवीन आईटीआई की स्थापना का निर्णय लिया गया। आज बजट के आने के पश्चात विभिन्न वर्गों ने बजट की बड़ी प्रशंसा की। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिन भी शामिल रहीं। सबने कहा कि यह बजट जिले के विकास के लिए बड़ी भूमिका निभाएगा। सभी वर्गों के हितों का बजट में ध्यान रखा गया है। किसानों के साथ ही पशुपालन से जुड़े लोगों के लिए भी बजट में काफी कुछ है। जिले में इंग्लिश मीडियम कालेज आरंभ होने से अंग्रेजी शिक्षा का विस्तार होगा। साथ ही सबसे ज्यादा लोग लाइट मेट्रो को लेकर खुश हैं। इस संबंध में स्टेशन में आने जाने वाले दैनिक यात्रियों ने चर्चा में बताया कि हम लोग रोज रायपुर से आते जाते हैं। नया रायपुर से दुर्ग तक सब कुछ कनेक्ट हो चुका है और हर दिन हजारों लोग इस रास्ते से ट्रेन यात्रा करते हैं। मेट्रो आरंभ होने से नागरिक सुविधा में इजाफा तो होगा ही, दुर्ग-भिलाई रायपुर की आर्थिक तरक्की भी तेज गति से हो सकेगी। मेट्रो बहुत जरूरी आवश्यकता थी और इसके आ जाने से लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए किसानों ने कहा कि यह बजट किसानों की तरक्की के लिए बहुत अच्छा बजट है और इसमें खेती किसानी को आगे बढ़ाने को लेकर काफी कुछ है। आर्थिक जगत से जुड़े लोगों ने बताया कि आम जनता में खुशहाली से आर्थिक स्तर तेजी से उठता है।

जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष प्रवेश परीक्षा का आयोजन 12 को

दुर्ग/नवप्रदेश। 12 मार्च को समय दोपहर 12:00 बजे से कन्या छात्रावास परिसर, गौरव पथ आदर्श कन्या स्कूल दुर्ग के बाजू में 6वीं की कक्षा में प्रवेश हेतु वर्ष 2023-24 के लिए पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं जो ग्रामीण एवं नगर पंचायत क्षेत्र में निवासरत तथा 5वीं में अध्ययनरत है। छ.ग. राज्य में मान्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो, इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक हो वही छात्र परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे।

महिला दिवस का आयोजन

■ मदर्स मार्केट में हुए विविध सांस्कृतिक आयोजन

■ विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने किया महिलाओं का सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आज पावर हाउस के मदर्स मार्केट में महिला दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को होली के दिन पड़ जाने के कारण महिला दिवस आज मनाया गया। मदर्स मार्केट पावर हाउस के प्रांगण में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं अंतावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी,महिला एवं बाल विकास प्रभारी मीरा बंजारे तथा पीडब्ल्यूडी प्रभारी एकांश बंछोर ने महिलाओं को सम्मानित किया। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि महिलाओं को रोजगार देने तथा एक प्लेटफार्म देने के मकसद से महिला मदर्स मार्केट तैयार किया गया है जहां महिलाएं अपने घरेलू उत्पादों को मार्केट के माध्यम से विक्रय कर पा रही है, उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान में जितना भी कहा जाए वह कम है। महापौर नीरज पाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में तथा महिलाओं के उत्थान के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत अनेकों काम हो रहे हैं, महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं, गौठान में भी महिलाएं अलग-अलग गतिविधियां अपनाकर लाभ अर्जित कर रही हैं। अंतावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को बधाई प्रेषित की। बता दें कि 27 फरवरी से 2 मार्च तक स्व सहायता समूह, सीएलएफ तथा एएलएफ की महिला समूह के द्वारा वार्ड क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के सम्मेलन किए गए जिसमें महिला संगठनात्मक के विषय में भी जानकारी दी गई, इस दौरान अनेक प्रकार के खेल के आयोजन भी महिलाओं के मध्य हुए। इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को आज सम्मानित किया गया। मदर्स मार्केट में महिलाओं के द्वारा घरेलू प्रोडक्ट के तहत कपड़े से बने सामग्री, सिलाई, कढ़ाई, बुनाई के उत्पाद, बांस से बने उत्पाद, खाद्य उत्पाद, मनिहारी से संबंधित सामग्रियां एवं फूलों से बने विभिन्न प्रकार के बुके, हार इत्यादि की प्रदर्शनी कर इनकी बिक्री भी की गई तथा आज के आयोजन में मनमोहक प्रस्तुतियां महिलाओं के द्वारा दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस एवं मिशन मैनेजर, अमन पटले सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

मलेरिया विभाग द्वारा मनाया गया विश्व लिम्फेडेमा दिवस

दुर्ग/नवप्रदेश। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला दुर्ग मे फाईलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला मलेरिया विभाग द्वारा विश्व लिम्फेडेमा दिवस 2023 कार्यक्रम मनाया गया। जिसमे लिम्फेडेमा के लक्षण कारण एवं रोकथाम व बचाव की जानकारी दी गई। लिम्फेडेगा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। जिसमें मच्छर से बचाव के लिए मच्छरदानी के उपयोग, गंदे नालियो की लगातार सफाई, उनके स्त्रोत व लार्वा नियंत्रण के लिए कार्यकर्ताओं में उनके टीम को निर्देशित किया गया। लिम्फेडेमा मुख्य रूप से फाईलेरिया बीमारी का एक प्रकार है। दुर्ग जिले को लिम्फेडेगा मुक्त करने का संकल्प है। जिसके तहत मलेरिया विभाग दुर्ग की ओर से विगत वर्षो से ही लिम्फेडेमा नियंत्रण के लिए लगातार कार्य किये जा रहे है। जिससे जिले मे कुछ वर्षो से लिम्फेडेमा के सकारात्मक प्रकरणों में कमी दर्ज की जा रही है।

धूल से सब्जी फसल 85 प्रतिशत तक खराब किसान ने की शिकायत

■ एडीबी बना रही जामगांव आर से मोखा तक की सड़क

दुर्ग/नवप्रदेश। जामगांव आर से मोखा तक एडीबी सड़क बना रहा है। मैं बटरेल गांव का निवासी हूँ। सड़क के किनारे एक एकड़ क्षेत्र में सब्जी बोता हूँ। धूल का गुबार इतना अधिक है कि इससे मेरी सब्जी की फसल 85 प्रतिशत तक प्रभावित हुई है। यह शिकायत जनदर्शन में गिरधर कुमार साहू ने की। उन्होंने कहा कि एडीबी ने सड़क निर्माण के दौरान जल छिड़का पर्याप्त मात्रा में नहीं कराया जिसकी वजह से गाड़ियों की आवाजाही से बड़ी मात्रा में धूल निकली। इस संबंध में अधिकारियों का कहना था कि धूल से बचने के लिए पानी का नियमित छिड़काव किया गया और सभी जगहों पर सड़क निर्माण के दौरान ऐसा छिड़काव होता है। आज जनदर्शन में विद्युत मंडल धमधा से संबंधित एक शिकायत ग्रामीणों ने की। उन्होंने बताया कि पंद्रह घरों के ब्यारे से मेन लाइन निकाली गई है इससे मकान बनवाने में बहुत दिक्कत हो रही है। साथ ही बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। मिल पारा के एक निवासी ने सोलेशियन फंड के लिए आवेदन रखा। मिल पारा से आये एक आवेदक ने बताया कि उनके चाचा की मृत्यु साल भर पहले सड़क दुर्घटना में हुई। इसके मुआवजे के लिए उन्होंने आवेदन दिया है लेकिन इसमें दिक्कत आ रही है। कसारीडीह के वार्ड क्रमांक 44 ने फायरवर्क्स की बाजू गली में कब्जा होने की बात कही। आवेदकों ने बताया कि यहां एक व्यक्ति द्वारा सड़क को अतिक्रमित किया जा रहा है। इसकी वजह से गली बेहद संकरी हो गई है। इस संबंध में तहसीलदार को निर्देशित किया गया। जुनवानी तालाब के आसपास के रहवासियों ने तालाब में गंदा पानी छोड़े जाने की शिकायत की। भिलाई निगम के अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया गया। जामुल नगरीय निकाय में नलजल योजना के अंतर्गत छूटे हुए घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए लोगों ने आवेदन किया। सड़क निर्माण की वजह से भवानी तालाब की पचरी टूटने की बात यहां के रहवासियों ने कही। रहवासियों ने कहा कि यहां पर तालाब में पूजा की रस्म की जाती है और पचरी की मरम्मत बहुत जरूरी है। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश दिये गये। उतई में ओम साई शिक्षण समिति के अध्यक्ष ने बताया कि उनके स्कूल में अवैध कब्जा हो रहा है इसे अविलंब रोकने की जरूरत है। आज जनदर्शन में सबसे अधिक आवेदन राजस्व विभाग से आये। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास एवं राशन कार्ड से संबंधित आवेदन भी आये। आज जनदर्शन में संयुक्त कलेक्टर गोकुल रावटे तथा संयुक्त कलेक्टर विनय सोनी ने प्रकरणों का निराकरण किया।

आयुक्त ने प्राप्त हो रहें आवेदन के निराकरण को लेकर शिविर स्थल का किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम वार्ड क्रमांक 57 आईएचएसडीपी आवास के सामुदायिक भवन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने उरला शिविर में पहुँचकर व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए लोगों को शिविर में शासन की योजनाओ का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। आयुक्त ने शिविर में उपस्थित हितग्राहियो से उनकी समस्यों से हुए रूबरू उनकी समस्यों को सुना और त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से शिविर में आये आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों से शिविर में मिले आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक योजनाओं के लिए पृथक से पंजी संधारित करने के निर्देश दिए।आयुक्त ने शिविर में संग्लन सभी कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन की जानकारी ली और अधिकारियों को निराकरण योग्य आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये और निराकरण के पश्चात आवेदक को सूचित करने कहा। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश के पालन में आज के शिविर में त्वरित निराकरण योग्य 42 आवेदन मिले, जिसमे जन्म प्रमाण पत्र त्वरित निराकरण कर आवेदक को मौके पर ही सौपा गया।13 राशन कार्ड को जांच के लिए भेजा गया।लायसेंस आवेदन निरंक,स्वास्थ्य विभाग से संबंधित आवेदन निरंक,शहरी आजीविका मिशन निरंक,पेंशन से संबंधित आवेदन 2 प्राप्त हुए,आईएचएसडीपी आवास के 1 आवेदन मिले, विद्युत विभाग निरंक आवेदन,आधार कार्ड 15 आवेदन मिले, आयुषमान कार्ड के लिए 5 लोगो ने आवेदन किया,न्यू आधार कार्ड 5 आवेदन आये।शिविर में हितग्राहियो से मिले कुछ आवेदनों का मौके पर समस्या का समाधान किया गया। समस्यों के समाधान के लिए इस विषय पर लगाया गया शिविर।

आबकारी विभाग द्वारा 35.46 बल्क लीटर मदिरा जप्त

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार आबकारी आयुक्त निरंजन दास व प्रबंध संचालक ए. पी. त्रिपाठी उपायुक्त आबकारी अधिकारी नोहर सिंह ठाकुर, अनिमेष नेताम एवं जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। विभाग द्वारा अवैध शराब धारण, विक्रय एवं परिवहन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर 02 प्रकरण कायम किये गए। पहले प्रकरण में आरोपी मेघनाथ साहू आत्मज उमेंद्र साहू साकिन ग्राम मतवारी के एक्टिवा में एक सफेद रंग की प्लास्टिक थैली में 50 नग पाव देशी मदिरा प्लेन प्रत्येक पाव की क्षमता 180 उस कुल मात्रा 9.0 बल्क लीटर बरामद कर प्रकरण कायम किया गया। उक्त आरोपी के विरूद्ध प्रकरण कायम कर अग्रिम कार्यवाही हेतु आरोपी न्यायिक रिमांड मे लिया गया। दूसरे प्रकरण में छोटे घटिया खुर्द नहर किनारे थाना नंदिनी नगर में प्लास्टिक के बोरी में 147 नग पाव देशी मदिरा मसाला प्रत्येक पाव की क्षमता 180 एम.एल. कुल मात्रा 26.46 बल्क लीटर जब्त कर आरोपी संजू पारधी पिता कलीराम पारधी साकिन छोटे घटिया खुर्द, थाना नंदिनी नगर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जाकर जेल दाखिल किया गया।

आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने का अच्छा मौका

■ निगम के द्वारा लगाए जा रहे शिविर में मिल रहा लाभ

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर आधार कार्ड के अपडेशन के लिए तथा आयुष्मान कार्ड तैयार करने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने शिविर का शेड्यूल का आदेश जारी कर दिया है। शिविर 23 फरवरी 2023 से प्रारंभ हो चुका है। शिविर के माध्यम से जिनके आधार कार्ड 10 वर्ष पूर्व बने हुए हैं उनके आधार कार्ड को अद्यतन करने का काम किया जा रहा है। इसके लिए शिविर में आधार कार्ड के ऑपरेटर मौजूद है। शिविर के सफलतम आयोजन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा आधार अपडेशन के लिए भिलाई निगम के वार्ड क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई अपील करता है कि शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनवा लें। शिविर में आधार कार्ड अपडेशन के लिए 1384 लोग पहुंचे और अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया इसके अलावा आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए 799 ने अप्लाई किया है। शिविर में लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और योजनाओं का लाभ ले रहे है।

इन वार्ड क्षेत्रों में होगा शिविर का आयोजन 10 मार्च 2023 को वार्ड क्रं. 11 फरीद नगर टाटा नगर सियान सदन, वार्ड क्र. 26 रामनगर मुक्तिधाम कर्मा भवन लोधी पारा, वार्ड क्र. 54 सेक्टर 01 दक्षिण जनता कार्यालय क्रिकेट मैदान के पास, वार्ड क्रं. 48 जोन-03 खुर्सीपार पम्प हाउस मैदान, वार्ड क्रं. 67 सेक्टर 07 पश्चिम रेल्वे स्टेशन बस्ती, 11 मार्च 2023 को वार्ड क्रं. 12 रानी अवंती बाई कोहका बजरंग चैंक कर्मा भवन के पास, वार्ड क्रं. 27 शास्त्री नगर दुर्गा मंच, वार्ड क्र. 55 सेक्टर 02 पूर्व डोम शेड सड़क 06 शक्ति सदन, वार्ड क्र. 49 सुभाष मार्केट खुर्सीपार सिद्धी विनायक मंच गणेश मंच के पास, वार्ड क्र. 68 सेक्टर 08 शिव मंदिर सड़क 12 बी.एन.एस., 13 मार्च 2023 को वार्ड क्रं. 13 पुरानी बस्ती कोहका मंगल बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 28 प्रेम नगर चैता मैदान भवन, वार्ड क्रं. 56 सेक्टर 02 पश्चिम डोम शेड सड़क 06 शक्ति सदन, वार्ड क्र. 50 शास्त्री नगर गणेश मंच सड़क 36 व 37 के मध्य, वार्ड क्र. 69 सेक्टर 08 वरिष्ठ नागरिक मंच, 14 मार्च 2023 को वार्ड क्रं. 17 नेहरू नगर नेहरू भवन, वार्ड क्रं. 29 वृन्दा नगर वार्ड कार्यालय, वार्ड क्रं. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर उड़िया भवन कार्तिक चौक शिवाजी नगर, वार्ड क्र. 70 शहीद कौशल यादव हुड़को सियान सदन, 15 मार्च को वार्ड क्र. 18 कॉन्ट्रेक्टर कालोनी आमोद भवन में शिविर लगेगा।

छत्तीसगढ़ में ई-ऑक्शन के माध्यम निकल, क्रोमियम एवं पीजीई ब्लॉक का सफल आवंटन



रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ खनिज साधन विभाग द्वारा महासमुंद जिला स्थित 'भालूकोना-जमनीडीह निकल, क्रोमियम एवं पीजीई (प्लेटिनम ग्रुप ऑफएलीमेंट्स) ब्लॉक' को ई-नीलामी के माध्यम से कंपोजिट लायसेंस के रूप में आबंटन हेतु मेसर्स डेक्कन गोल्ड माईन्स लिमिटेड द्वारा 21 प्रतिशत की अधिकतम बोली (फायनल प्राईस ऑफर) लगाई गई। उक्त ब्लॉक को जीएसआई द्वारा जी-4 लेवल पर अन्वेषण किया गया था। संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, श्री जयप्रकाश मौर्य के निर्देशन में एमएसटीसी पोर्टल में 06 मार्च 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से प्रारंभ हुई ई-नीलामी में मेसर्स डेक्कन गोल्ड माईन्स लिमिटेड द्वारा 21 प्रतिशत अधिकतम बोली लगायी गयी। छत्तीसगढ़ खनिज विभाग द्वारा खानों का आबंटन ई-नीलामी पद्धति से पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। खानों का आबंटन राज्य शासन के राजस्व में वृद्धि के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ खनिज विभाग द्वारा अब तक ई-नीलामी पद्धति से चूना पत्थर, बॉक्साईट, लौह अयस्क, स्वर्णधातु एवं निकल, क्रोमियम एवं पीजीई के कुल 23 खनिज ब्लॉकों का सफलतापूर्वक आवंटन किया जा चुका है, जिनसे आने वाले वर्षों में रायल्टी, डीएमएफ, पर्यावरण एवं अधोसंरचना उपकर के रूप में राज्य शासन को अतिरिक्त लगभग 80 हजार करोड़ की आय होगी।

बजट में बेरोजगारों को बड़ी राहत : नीरज पांडे, संकल्प मिश्रा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज पांडे एंव मीडिया विभाग चेयरमेन

संकल्प मिश्रा ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ को नई गति देगा। भरोसे के इस बजट में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। सबसे बड़ी राहत बेरोजगारों को दी गई है। बेरोजगारी भत्ता के लिए 250 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। प्रत्येक बेरोजगार को 2500 रुपए प्रतिमाह मिलने से उन्हें न केवल उच्च शिक्षा में दिक्कत नहीं आएगी बल्कि प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी वे निश्चिंत होकर कर सकेंगे। इससे उनके परिवार वालों को भी राहत मिलेगी। सरकार ने बेरोजगारों की आर्थिक चिंता दूर कर दी है। आत्मानंद स्कूलों की संख्या बढ़ाने से छत्तीसगढ़ न केवल अंग्रेजी बल्कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा। राज्य में प्रतिभाएं उभरकर सामने आएंगी। इससे प्रदेश का नाम देश-विदेश में फैलेगा। संकल्प मिश्रा ने कहा कि यह बजट विकासपरक है। सही मायने में युवाओं और छात्रों को सरकार का पूरा भरोसा मिल रहा है।

महिलाओं की उन्नति एवं सशक्तिकरण का बजट : वंदना राजपूत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे मुख्यमंत्री संवेदनशील है वे छत्तीसगढ़ की जनता को और छत्तीसगढ़ को बहुत अच्छे से समझते है। उनका यह बजट छत्तीसगढ़ की जनता एवं छत्तीसगढ़ की हित का

बजट है। बजट में समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति का विकास, अंधोसंरचना एवं निवेश, हरित विकास, महिला शक्ति, युवा शक्ति सभी का ध्यान रखा गया है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महिला सशक्तिकरण को हमेशा से आगे बढाने का काम किये है। उन्हें मालूम है कि समाज की प्रगति एवं विकास महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है महिलाओं के उन्नति एवं सशक्तिकरण का बजट है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले चार साल में छत्तीसगढ़ के विकास की एक नई परिभाषा दी है। अपने बजट में आंगनबाडी बहनो का, मितानिन बहनों का अनिमित कर्मचारी, से लेकर गांव के पटेल सभी का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री के बजट के पिटारे खुलते ही महिलाओं के चेहरे में चमक आ गई है। वे बहुत खुश है.आज गांव में महिलाएं भी सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन रही है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के संस्कृति छत्तीसगढ़ के रीति रिवाज और खान पान को सहज के रखा है। स्वामी आत्मा नंद अंग्रेज़ी माध्यम के नये 101 नये स्कूल एवं अंग्रेज़ी माध्यम के कालेज के खुलने के खबर से विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे है ओर वे अपने स्वर्णिम भविष्य के सपने देख रहे है इसलिये तो कहा जाता है कि भूपेश है तो भरोसा है और इस बजट का आत्मीयता से स्वागत कर रहे है।

सहकारी सोसायटियों के निर्वाचन के संचालन के लिए प्रक्रिया शुल्क में वृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग के आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए सहकारी संस्थाओं के निर्वाचन के संचालन हेतु निर्धारित प्रक्रिया शुल्क में वृद्धि की गई है। यह वृद्धि 31 मार्च 2023 के पश्चात् लगातार प्रस्तुत होने वाले निर्वाचन प्रस्ताव पर लागू होगा। राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग के संशोधित आदेशानुसार प्राथमिक सहकारी संस्थाएं जैसे - उपभोक्ता भण्डार, केंटीन, दुग्ध, मत्स्य, कामगार, औद्योगिक श्रमिक, मुर्गीपालन, बुनकर, यातायात, बहुउद्देशीय, बीज उत्पादक संस्थाओं के निर्वाचन प्रक्रिया शुल्क 1000 रूपए निर्धारित किया गया है। प्राथमिक सहकारी संस्थाएं जैसे - गृह निर्माण मंडल, विपणन, सहकारी मुद्रणालय, प्राथमिक कृषि साख, गैर कृषि साख, आवास प्रबंधन, वनोपज एवं अन्य प्राथमिक समितियों के लिए 2000 रूपए प्रक्रिया शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार प्राथमिक सहकारी संस्थाएं - सहकारी शक्कर कारखाना और जिला स्तरीय सहकारी संस्थाएं जैसे - सहकारी संघ, सहकारी केन्द्रीय बैंक, नागरिक बैंक, जिला थोक भण्डार और जिला वनोपज यूनियन के लिए प्रक्रिया शुल्क 10 हजार रूपए और राज्य एवं संभाग स्तरीय सहकारी संस्थाएं के लिए प्रक्रिया शुल्क 15 हजार रूपए निर्धारित किया गया है। प्रक्रिया शुल्क राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के नाम से या उसके पक्ष में जारी बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अथवा राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के खाता क्रमांक - 103000722174 आईएफएससी कोड - CBINOCGDCBN पर आरटीजीएस के माध्यम से प्रक्रिया शुल्क जमा किया जा सकता है। इसकी पावती की समन्वयक द्वारा सत्यापित प्रति के साथ निर्वाचन हेतु भेजे जाने वाले प्रारूप छ-2 के साथ अनिवार्यतः भेजा जाना चाहिए और इसकी प्रविष्टि निर्धारित प्रारूप छ-2 की कंडिका प्रक्रिया शुल्क का विवरण अंकित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने होली से पहले ही जमकर मनाई होली

- मुख्यमंत्री की बजट घोषणा से त्यौहार की खुशियां हुई दोगुनी
- मानदेय बढ़ने पर मनाया जश्न, बताया भरोसे का बजट

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के भरोसे के बजट की घोषणा के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। होली के दो दिन पहले इस घोषणा से प्रदेश के साथ-साथ महासमुंद जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने जमकर होली खेली। महिलाओं ने होली गीत और डी.जे. के धुन पर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी और अपनी खुशी जाहिर करते हुए जमकर खुशियां मनाई। बजट को उन्होंने भरोसे का बजट बताते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा आज पेश किए गए बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक मानदेय की राशि 6 हजार 500 प्रति माह से बढ़ाकर अब 10 हजार रूपए, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का

मानदेय 4 हजार 500 रूपए से बढ़ाकर 7 हजार 500 रूपए मासिक एवं सहायिकाओं का मानदेय 3 हजार 250 रूपए से बढ़ाकर 5 हजार रूपए मासिक करने की घोषणा की गई है।

बजट घोषणा पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए देर तक जश्न मनाया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष सुधा रात्रे ने कहा कि इस घोषणा से मिली खुशी को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति हम सब आभारी है। उन्होंने कहा कि इस बजट से हमारी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। इस घोषणा से होली त्यौहार की खुशी दोगुनी हो गई है। इस घोषणा से हमें संबल मिला है। महिला सशक्तीकरण की दिशा में यह घोषणा मील की पत्थर साबित होगा। आंगनाबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने अबीर, गुलाल लगाकर सभी को शुभकामनाएं दी।

राजधानी में तीन दिवसीय कला पर्व 10 से शास्त्रीय संगीत

- कला प्रदर्शनी, नाट्य प्रदर्शन एवं कला चर्या से सराबोर होगी शामें

रायपुर/नवप्रदेश। कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन की ओर से तीन दिवसीय कला पर्व का आयोजन 10, 11 व 12 मार्च को कला वीथिका मुक्ताकाशी मंच सभागार महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर रायपुर में रखा गया है।

अकादमी के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कला पर्व त्रिआयामी है। जिसके अंतर्गत कला वीथिका में युवा कलाकारों की प्रदर्शनी 10 मार्च शुक्रवार से 12 मार्च रविवार तक आयोजित होगी। इसका उद्घाटन 10 मार्च को शाम 6:00 बजे होगा। प्रदर्शनी के संयोजक हुकुम लाल वर्मा और सहायक राजेंद्र सुनगरिया हैं।

प्रतिभागी कलाकारों में चित्रकला में राधिका चौहान, निकिता साहू, कमलेश कुर्रे, निकिता नामदेव, निर्वैर साहू, बेबी प्रिया दीपक जुर्री, जीवेश कुमार साहू, रुपेश्वरी चंदेल, विदिशा जैन, पंकज यादव और चंद्रपाल पांजरे शामिल हैं।

वही मूर्तिकला में आगंतुकगण तृप्ति खरे, जितेंद्र साहू, विमल फुटान, बलदेव मंडावी, द्रोणवाशु और कुलेश्वर राम की कला देख सकेंगे। इसी तरह ग्राफिक्स में सारिका गोस्वामी, वैभव यादव, नीलेश कश्यप, वेणु प्रिया, शालिनी गुप्ता अंकित लकड़ा व मनिंदर सिंह की कला से दर्शक रूबरू होंगे।

अकादमी के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कला पर्व के अंतर्गत 11 व 12 मार्च को संगीत सभा का आयोजन रखा गया है। जिसमें 11 मार्च शनिवार की शाम मुक्ताकाशी मंच पर डॉ जयश्री खरे वैष्णव अमरावती का शास्त्रीय गायन, पंडित असीम चौधरी कोलकाता का सितार वादन और पंडित भुवनेश कोमकली देवास का शास्त्रीय गायन होगा। वहीं 12 मार्च को 'प्रारंभ' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के युवा कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

जिसमें रायपुर के किशन देवांगन का शास्त्रीय गायन, भिलाई की पूनम सर्पे का एकल तबला वादन, रायपुर के डॉक्टर के रोहन नायडू का वायलिन वादन और नई दिल्ली के पंडित रितेश एवं पंडित रजनीश मिश्रा का शास्त्रीय गायन होगा। संगत कलाकारों में मिलिंद वैष्णव, पंडित पार्थसारथी मुखर्जी, रामेंद्र सिंह सोलंकी ,रामचंद्र सरपे और श्रीकांत पीसे संगत करेंगे।

अकादमी के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत 'कलाचर्या' का विशेष कार्यक्रम 11 मार्च शनिवार को शाम 4:00 से 6:00 बजे तक रखा गया है।

जिसमें आधुनिक कला के पक्ष विषय पर चित्रकार अखिलेश से कला मर्मज्ञ निधीश त्यागी की बातचीत होगी। वही अगले दिन 12 मार्च रविवार को शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक चित्रकार अखिलेश से डॉक्टर विकास चंद्र एवं कला विद्यार्थियों की बातचीत महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के सभागार में होगी।

अकादमी के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कला पर्व के अंतर्गत कुछ प्रमुख नाटकों का विशेष मंचन रखा गया है। जिसमें कला वीथिका मुक्ताकाशी मंच सभागार में महंत घसीदास स्मारक संग्रहालय परिसर रायपुर में युवा निर्देशकों की नाट्य प्रस्तुति होगी।

पहले दिन शुक्रवार 10 मार्च को शाम 6:30 बजे निर्देशक अभिषेक चौधरी रायपुर के निर्देशन में बोधायन कृत प्रहसन के हिंदी रूपांतरण पर आधारित 'भगवदज्जुकीयम' का मंचन होगा। इसके उपरांत फणीश्वर नाथ रेणु की कहानी पर आधारित 'पंचलेट' का मंचन होगा। जिसका निर्देशन रायगढ़ के श्याम देवकर ने किया है।

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा बजट : फूलोदेवी नेताम

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इस बजट में सभी तबकों चाहे वह महिलाएं हो, किसान हो, व्यापारी हो, कर्मचारी हो, या समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े लोग हो सभी को इस बजट मे विकास की राह में आगे बढ़ने के लिये प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देती हूँ कि निराश्रितों बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा और परित्यक्ता महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत दी जाने वाली मासिक पेंशन की राशि 350 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए प्रति माह किया गया है। महिलाओं, बच्चों के पोषण और टीकाकरण के लिए प्रदेश भर में संचालित 46 हजार 660 आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी जाने वाली मासिक मानदेय की राशि 06 हजार 500 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रुपए प्रति माह कर किया गया है। आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 03 हजार 250 रुपए से बढ़ाकर 05 हजार रुपए प्रति माह किया गया है, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 04 हजार 500 रुपए से बढ़ाकर 07 हजार 500 रुपए प्रति माह किया गया है। गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहन से लेकर स्वास्थ्य विभाग की हर छोटी-बड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने वाली मितानिन बहनों को पहले से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त राज्य मद से 2200 रुपए प्रति माह की दर से मानदेय दिया जाएगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत दी जाने वाली सहायता राशि को 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार किया जाएगा। इसके लिए बजट में 38 करोड़ का प्रावधान।

संतुलित बजट : छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज विधान सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी द्वारा बजट बजट पेश किया गया । बजट में किसी भी प्रकार का नया कर नहीं लगाया गया जो स्वागत योग्य है। प्रस्तुत बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट रहा साथ ही उद्योग प्रोत्साहन हेतु होलसेल कोरिडोर, अतिरिक्त पूंजी निवेश तथा प्लास्टिक पार्क के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास पर आधारित बजट है।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी द्वारा प्रस्तुत बजट प्रदेश के आर्थिक विकास की आधारशिला है। उद्योग-व्यापार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और अधोसंरचनात्मक विकास के साथ-साथ किसान, युवा, नौकरीपेशा,, महिलाओं, शिक्षित बेरोजगारों, निराश्रित और निःशक्त जनों एवं वरिष्ठ नागरिकों पर केन्द्रित सामाजिक न्याय को ध्यान में रखते हुए बनाया गया संतुलित बजट है ।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने बजट में चेंबर की मांग पर नवा रायपुर में होलसेल कोरिडोर की स्थापना का प्रावधान किये हैं जो दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे बड़ा होलसेल कोरिडोर होगा जो प्रदेश को पुरे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाएगा तथा प्रदेश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा साथ ही छत्तीसगढ़ औद्योगिक निति के तहत अब अतिरिक्त पूंजी निवेश 150 करोड़ तक कर दी गई है जिसका चेंबर स्वागत करता है। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में सायबर थाने की स्थापना होगी जिससे सायबर अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी, रायपुर से दुर्ग के बिच लाईट मेट्रो का संचालन किया जायेगा साथ ही रायपुर शहर के तेलीबांधा फ्लाईओवर निर्माण हेतु नए मद जोड़े गए हैं शहर में यातातात के दबाव को कम करने में कारगर साबित हो सकता है । चेंबर शासन-प्रशासन से हमेशा यह निवेदन करती आ रही है कि वे उत्पाद जिनका उत्पादन प्रदेश में ना कर चाइना एवं अन्य देशों से आयात करते हैं उसका हम हमेशा से विरोध करते आ रहे हैं। ग्रामीण औद्योगिक पार्क एवं शहरी औद्योगिक पार्क की स्थापना से अब स्थानीय स्तर पर ही प्रदेश में आयातित होने वाले वस्तुओं का उत्पादन कर सकेंगे जिससे शहरी तथा ग्रामीण स्तर पर आर्थिक प्रगति तेजी से होगी। तथा लोगों की क्रय शक्ति में भी वृद्धि के साथ प्रदेश का आर्थिक विकास होगा।

अंतरक्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में दुर्ग और कोरबा पूर्व ने जीता खिताब

- पॉवर कंपनी में रचनात्मक माहौल बनाने में खेल स्पर्धाओं का बड़ा योगदान -एमडी खरे
- राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चयनित

रायपुर/नवप्रदेश। पॉवर कम्पनी अन्तरक्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता की टीम स्पर्धा में पुरूष वर्ग में दुर्ग और महिला वर्ग में कोरबा पूर्व विजेता रहीं। वहीं प्रतियोगिता के दोनों ही वर्गों में कोरबा पश्चिम उप विजेता घोषित की गई। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद रायपुर क्षेत्र द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के टीम एवं व्यक्तिगत स्पर्धाओं के विजेताओं को प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने पुरस्कार प्रदान किया।

समापन अवसर पर श्री खरे ने खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कंपनी के अंदर रचनात्मक माहौल बनाने में इन खेल स्पर्धाओं का बड़ा योगदान है। एमडी श्री मनोज खरे ने इस अवसर पर पॉवर कंपनी राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए पुरूष और महिला खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की ।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनियों के 9 विभिन्न क्षेत्रों की महिला एवम पुरुष टीमों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। टीम स्पर्धाओं के अलावा व्यक्तिगत स्पर्धा में पुरुष वर्ग में कोरबा पश्चिम के श्री एम सी सोनी विजेता और दुर्ग के श्री राजेश गुप्ता उपविजेता रहे । महिला वर्ग में नूतन ठाकुर विजेता और सनीली चौहान उपविजेता रहीं।

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कार्यपालक निदेशक (संचारण एवं संधारण) श्री भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक (रायपुर शहर) श्री जे एस नेताम, क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव श्री ऋषि बंछोर, प्रतियोगिता प्रभारी श्री मनोज वर्मा भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के निर्णायक श्री विनेश, शुभम और हर्ष प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। इस मौके पर वरिष्ठ खिलाड़ी श्री एन के शर्मा ने शतरंज के संबंध में अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय पर्यवेक्षक श्री अरूण देवांगन ने किया।

पंचकूला में 26वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 10 से 14 मार्च तक

- वन मंत्री अकबर ने किट वितरण कर खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से 209 खिलाड़ी हरियाणा के पंचकूला में 10 से 14 मार्च 2023 तक 26वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसके लिए छत्तीसगढ़ से खिलाड़ियों की टीम 7 मार्च को पंचकूला के लिए रवाना होगी, जहां बैडमिंटन, क्रिकेट, एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, फुटबॉल, तैराकी, टेनिस आदि खेलों का आयोजन किया गया है।

वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें किट वितरण किया और शुभकामनाएं दी। इस दौरान पीसीसीएफ श्री संजय शुक्ला, एमडी फेडरेशन श्री अनिल राय, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी श्री सुनील मिश्रा, उप वनसंरक्षक श्री आलोक तिवारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि वर्ष 1992 से अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आरंभ किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद से 19 बार अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हो चुका है। जिसमें वर्ष 2007 से छत्तीसगढ़ की टीम लगातार 10 बार प्रथम स्थान और 03 बार द्वितीय स्थान पर रही हैं।

परिवहन सुविधा केन्द्र में आसानी से बन रहे लर्निंग लाइसेंस

- परिवहन सुविधा केन्द्र में आसानी से बन रहा लर्निंग लाइसेंसपरिवहन सुविधा केन्द्र में आसानी से बन रहा लर्निंग लाइसेंस
- नागरिकों को मिल रही अपने घर के पास ही सुविधा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन की मंशा के अनुरूप परिवहन सुविधा केन्द्र प्रारंभ होने से जिलेवासियों को लर्निंग लाईसेंस बनाने एवं अन्य सुविधाएं मिल रही है। परिवहन सुविधा केन्द्र से शिक्षित युवाओं को रोजगार मिल रहा है। साथ ही जनसामान्य को परिवहन से संबंधित सेवाएं आसानी से अपने घर के निकट उपलब्ध हो रही है। जिससे अब उन्हें अनाधिकृत एजेंट के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अभी कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव अंतर्गत जिले में 12 परिवहन सुविधा केन्द्र संचालित है। जिले के प्रत्येक ब्लॉक में आम जनता की सुविधा के दृष्टिगत परिवहन विभाग द्वारा 12 परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित किये गये हैं। जनसामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 13 परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित

करने के लिए पात्र आवेदकों की सूची आईडी व पासवर्ड हेतु कार्यालय परिवहन आयुक्त को पत्र प्रेषित किया गया है। जिससे आम जनता अपने घर के समीप के किसी भी परिवहन सुविधा केन्द्र से लर्निंग लाईसेंस बना सकते हैं और उन्हें कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव आने की जरूरत नहीं होगी। जिससे उनके समय की बचत भी होगी।

परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से सभी प्रकार के सेकेण्ड हैंड गाडियों की खरीदी-बिक्री में होने वाली वाहनों की नामांतरण प्रक्रिया सरलता से किया जा सकता है। परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से वाहन स्वामी विक्रेता एवं क्रेता का आधार कार्ड एन्थेटिक द्वारा सत्यापन कर नामांतरण की कार्रवाई की जा सकती है। इससे वाहन स्वामी विक्रेता एवं क्रेता को कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। जिले के 12 परिवहन सुविधा केन्द्र में हितग्राही परिवहन सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। ड्राईविंग लाईसेंस के अलावा अन्य परिवहन सेवाओं के लिए फार्म भरना, ऑनलाईन भुगतान करना, आवश्यक दस्तावेज स्कैन कर अपलोड करना जैसे कार्य सुविधाजनक हुए है। इस योजना से युवाओं को रोजगार मिला है। श्री मनोज सलामे ने बताया कि उन्होंने परिवहन सुविधा केन्द्र में लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन दिया था, जो बहुत जल्द बन गया। शासन की यह पहल सराहनीय है। श्री वेद सिंह ने बताया कि परिवहन सुविधा केन्द्र में आवेदन करने के बाद पहले उन्हें लर्निंग लाईसेंस मिल गया। इसके कुछ दिनों बार स्थायी ड्राईविंग लाइसेंस भी आसानी से प्राप्त हुआ।

न्यूज गैलरी

मेरिट सूची जारी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले के विकासखंड अंतर्गत गीदम एजुकेशन सिटी जावंगा में संचालित सक्षम आवासीय परिसर जावंगा क्रमांक 1 एवं 2 के विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन प्रसारित किए गये थे। उक्त पदों पर अस्थाई नियुक्ति हेतु समस्त भर्ती प्रक्रियाओं का पालन करते हुए दावा आपत्ति उपरांत विज्ञापित पदों पर चयनित प्रतीक्षारत सूची दंतेवाड़ा जिले के अधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशन किया गया है।

प्रदर्शन के लिए एक सप्ताह पहले लेनी होगी अनुमति

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में दन्तेवाड़ा जिले में कानून व्यवस्था एवं निर्वाचन के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार एवं छत्तीसगढ़ शासन गृह (पुलिस) विभाग के निर्देशानुसार सार्वजनिक व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था तथा शांति बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन से एक सप्ताह पूर्व विधिवत अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही धरना/रैली आदि कार्यक्रम आयोजन करने की अनुमति प्रदान की जायेगी। साथ ही राजनीतिक दल के नेता के भ्रमण या राजनीतिक कार्यक्रम की सूचना समय पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को अनिवार्य रूप से देना होगा।

जिले में आज शुष्क दिवस

मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने 08 मार्च 2023 को होली पर्व के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दिन जिले की समस्त देषी,विदेषी,कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकाने पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर ने 08 मार्च को घोषित शुष्क दिवस का पूर्णतः पालन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है।

होली पर शुष्क दिवस घोषित

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के द्वारा होली पर्व के अवसर पर 08 मार्च 2023 दिन बुधवार को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानें बंद रखी जावेगी तथा इस दिन मदिरा का विक्रय/परिवहन पूर्णतः बंद रहेगा।

20 साल बाद पिटेपाल में विकास की दस्तक, पथराई आंखों में नई भोर की जगी उम्मीद

बीजापुर/नवप्रदेश। हम बात कर रहे हैं विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत बेचापाल की जो कभी बीजापुर क्षेत्र में माओवाद प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्र के रूप में जाना जाता था। किंतु यह अब बीते दिनों की बाते है ऐसा हम इसलिए कह रहे है क्योंकि इस ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पिटेपाल में सामुदायिक पुलिसिया कार्यक्रम के तहत 20 साल बाद पहली बार ग्रामीणों के लिए शिविर के माध्यम से शासन की हितग्राहीमूलक तमाम योजनाओं के हितग्राहियों का चिन्हांकन कर ग्रामीणों को होने वाले फायदे से अवगत कराया। नक्सली दहशत की उबड़-खाबड पगगंडियों से निकलने और शासन की योजनाओं से जुड़कर ग्रामीण विकास की पक्की सड़क में दौड़ने को आतुर हैं। शिविर में आस पास के लगभग 5 सौ से अधिक ग्रामीणों को कंबल, खाना बनाने के बर्तन और बच्चों को पुस्तक-कापी का वितरण किया किया गया। शिविर में बुजुर्ग जिनकी पथराई आंखों में बदलते परिवेश की नई भोर की उम्मीद, महिलाएं जिनके चेहरे पर अपने दूध मुहें बच्चों के लिए सुरक्षित भविष्य की चमक और खिलते हुए बच्चे जिनके होठों पर अक्षर ज्ञान और विज्ञान को समझने की जिज्ञासा भरी मुस्कान शामिल होकर एक नई जिंदगी लिखने की झटपटाहट लिए शामिल हुए। यह शिविर अपने-आप मे बहुत सफल साबित हुई लोगों का पूरा समर्थन विकास की ओर दिखाई दिया।

अंतिम मेरिट सूची जारी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में संचालित विभागीय कन्या छात्रावास, आश्रमों में निवासरत किशोरी छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शासकीय नर्सिंग कॉलेज/मान्यता प्राप्त कॉलेज से प्रशिक्षित अनुसूचित जनजाति के महिला को ए.एन.एम./नर्स के पद पर संविदा के आधार पर सहायक अधीक्षिका/नर्स के पदों की नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों पत्रों के परीक्षणोंपरान्त पात्र अपात्र की अंतरिम सूची का प्रकाशन किया जाकर संबंधित अभ्यर्थियों से 06 फरवरी 2023 तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के परीक्षण/निराकरण उपरांत पात्र अपात्र आवेदनों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दंतेवाड़ा के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाइट www.dantewada.gov.in का अवलोकन कर सकते है।

सचिवों की नियुक्ति पर दावा आपत्ति जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण विकास घटक-2.0 अंतर्गत जिले में पीआईए स्तर पर 07 माईक्रोवाटरशेडवार (बिटकुली/रिगरिगा, डांड़बछाली/पहाड़बछाली, नगोई, नगपुरा, नवागांव (सोन), तुलूफ, कसईबहरा) में सचिव (संविदा) पदों पर नियुक्ति हेतु दावा-आपत्ति की सूची एवं मेरिट सूची जारी की गई है। विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट https://bilaspur.gov.in// पर देख सकते है।

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के आसपास लेजर बीम लाईट पर प्रतिबंध

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें बिलासपुर जिले में स्थापित बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट चकरभाठा में विमानों की सुरक्षा की दृष्टि से एयरपोर्ट की 18.5 किलोमीटर की परिधि में लेजर बीम लाईट के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है।

कर मुक्त व जनता का हित युक्त है बजट : दुबे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट पर कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि इस बजट की सबसे बड़ी खासियत यह है

कि राज्य की जनता को महंगाई के इस दौर में करो के बोझ से मुक्त किया गया है, जो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेक नीति का परिचायक है। समग्र विकास की योजनाओं के लिए विशेष प्रावधान के साथ-साथ रामलीला मानस गायन रामायण महोत्सव छत्तीसगढ़ परब हेतु अनुदान सहित खेल के लिए अकादमी एवं शिक्षा के लिए आत्मानं अंग्रेजी महाविद्यालय की स्थापना राजनांदगांव में करने हेतु सेटअप एवं भवन निर्माण की राशि का प्रावधान कर शहरी क्षेत्र में औद्योगिक पार्क की स्थापना का प्रावधान बजट में किया गया है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ शहरी अर्थव्यवस्था और औद्योगिकीकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

होली की शुभकामनाएं

खरोरा/ नवप्रदेश। 8 मार्च पूरे देश में होली का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाएगा द्य तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ धरसीवा के अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस नेता अनिल साहू ने समस्त प्रदेशवासियों को होली के पावन पर्व पर दी बधाई,भारत में मनाये जाने वाले सभी पर्वों में से प्रमुख पर्व है , यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हिंदू पंचाग के अनुसार प्रति वर्ष वसंत ऋतु में फागुन माह की पूर्णिमा को आज भारत के साथ पूरे विश्व में बड़ी ही धूमधाम और हर्षो उल्लास के साथ सदियों से मनाया जाता रहा है। साहू ने कहा है कि इसे रंग पंचमी , रंग महोत्सव और रंगों के त्योहार के नाम से भी जाना जाता है द्य इस दिन लोग एक दूसरे पर रंग गुलाल आदि से होली खेलते हैं, नगाड़ा ,ढोल बजा कर होली के गीत गाये जाते हैं और घर-घर जा कर लोगों को रंग लगाया जाता है।

त्यौहारों में मिठाई दुकानों का निरीक्षण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में विभिन्न होटलों, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, नमकीन विनिर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया। साथ ही विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया। इस दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा निरीक्षण किया गया एवं सैंपल जांच की गई। जिसमें दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न स्थानों गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली, किरंदुल, बारसूर, नकुलनार क्षेत्रों एवं साथ ही दंतेवाड़ा फागुन मंडई के खाद्य परिसरों का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें ठेले, फास्ट फूड मेला परिसर में लगे स्टॉल में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई। जहां खाद्य पदार्थ सही नहीं पाये गये उन्हें तुरन्त नष्ट करवाया गया एवं सुधार हेतु निर्देशित किया गया और खाद्य सैंपल जैसा पेड़ा, ड्राइ फ्रुट, मिक्चर नारियल लड्डू, नमकीन,

सूजी, जलेबी, तेल, आटा, बर्फी, पनीर, दूध, दही, गुलाब जामुन, खोवा, बेसन लड्डू, मलाई चाप, रसगुल्ला, दूध से बनी मिठाईयां आदि के नमूने संकलित किए गए। इस दौरान कुल 52 नमूना परीक्षण हेतु लिया गया। जो भी खाद्य पदार्थ अमानक पाया गया उन्हें तुरन्त नष्ट करवाया गया। खाद्य कलर फूड ग्रेड उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। आईल रिफ्रेक्टोमीटर द्वारा तेल की गुणवत्ता जांच की गई। जहां सही नहीं पाया गया तुरंत नष्ट करवाया गया।

इस दौरान समस्त मिठाई दुकानों में मिठाइयों की डिसप्ले में वैधता अवधि प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकतम दुकानों में डिसप्ले करना पाया गया और जहां नहीं पाया गया वहा तत्काल करवाया गया। इस दौरान विभिन्न व्यापारियों को कुल 04 नोटिस जारी किया गया।

निरीक्षण के दौरान नमूना परीक्षण हेतु पूनम होटल किरंदुल से कुन्दा, बाबा होटल

होली पर सज गए बाजार

पांडातराई/नवप्रदेश। बाजार में होली के रंग बिखरने लगे हैं। खरीदारी को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। दुकानों पर एक से बढ़कर एक नए-नए उत्पाद उपलब्ध है। बाजार में आई गुलाल गन से इस बार जमकर रंगों की बौछार होगी। लोगों को गुलाल गन खूब पसंद आ रही है। वहीं, बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर पिचकारियों की डिमांड भी कुछ कम नहीं है।

होली को लेकर बाजारों में रंगों और पिचकारियों से दुकानें सज गई है। कार्टून पात्रों और मास्क भी दुकानों पर सजे है। दुकानों पर रंगों और गुलाल के साथ-साथ गिफ्ट पैक भी जमकर बिक रहे हैं। लोगों की गिफ्ट पैक को लेकर मांग बढ़ रही है। इस बार बच्चों के लिए अलग-अलग तरह की पिचकारियां दुकानों पर सजी हुई है। पांच रुपये से लेकर दो सो रुपये तक का आइटम उपलब्ध है। नए-नए डिजाइन के आइटम लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए है। इस बार नगर के मुख्य मार्ग समेत कई जगहों पर होली के सामान की दुकानें सजी।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक

■ पूर्व सैनिकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक ली। कलेक्टर सैनिक कल्याण बोर्ड के विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की और बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार को होली एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 18 हृदय परीक्षण, 51 नेत्र परीक्षण एवं 29 पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का अस्थि रोग से बचाव के लिए परामर्श दिया गया।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने कलेक्टर सौरभ कुमार को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मेजर शिवेन्द्र नारायण पाण्डे ने किया। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल आशीष पाण्डेय, जिला सैनिक बोर्ड के उपाध्यक्ष कर्नल राकेश सिंह बिसेन, कर्नल जेम्स काला, कर्नल वी.के. शुक्ला, डॉ. विनोद तिवारी, कैप्टन वी.के. शर्मा, प्रभारी अधिकारी पॉलीक्लीनिक, ए.सी.पी. महेन्द्र प्रताप सिंह राणा, सदस्य जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, पी.के. चन्द्रा, पूर्व सैनिक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

छग सरकार के बजट से साबित हुआ, भूपेश है तो भरोसा है : साहू

खरोरा/नवप्रदेश। राज्य में बजट से साबित हुआ भूपेश है तो भरोसा है मुख्यमंत्री बघेल के निर्णय को तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ धरसीवा के अध्यक्ष व युवा कांग्रेस नेता अनिल साहू ने स्वागत करते हुए ऐतिहासिक निर्णय बताया है, साहू ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पेश की गई मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो बजट जनता के हित में पेश की गई है , अब लगने लगा की हमारा राज्य धान का कटोरा बन गया। ये हर वर्ग का बजट है, जिसमे सभी वर्गो का ख्याल रखा गया है। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की मांग पूरा करने, कन्या विवाह की राशि में वृद्धि करने, ग्राम पटेल को 3000मानदेय, कोटवारो का मानदेय 5000करने , पेंशन की राशि 500 करने जैसे कईयों अहम मुद्दे छत्तीसगढ़ की जनता के हित में लेने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व क्षेत्रीय विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

गढबो नवा छत्तीसगढ़ को चरितार्थ करने वाला बजट : शाहिद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गढबो नवा छत्तीसगढ़ के सूक्ति वाक्य को पूर्ण करने वाला यह बजट है, जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ की सरकार ने जहां 17 लाख 96 हजार किसानों को 8 हजार 7 सौ 44 करोड़ की राशि ऋण माफी के साथ खरीफ2018 की धान फसल के लिए किसानों को 6 हजार 22 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का भुगतान कर खरीफ 2019 से लेकर अब तक राजीव गांधी किसान न्याय योजना में 16415 करोड़ की आदान सहायता राशि सीधे किसानों के खाते में भुगतान किया है। कांग्रेस की भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली छग सरकार ने न्याय योजनाओं से किसानों, मजदूरों, वन आश्रित परिवार, महिलाओं, युवाओं सहित समाज के सभी वर्गो का सशक्तिकरण करने के बाद वर्तमान बजट में राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना जो पूर्व में ग्रामीण क्षेत्र में लागू थी, उससे नगर पंचायत क्षेत्र तक विस्तारित करने एवं युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के साथ-साथ ग्रामीण औद्योगिक पार्क की तर्ज पर शहरी क्षेत्र में भी आद्योगिक पार्क निर्माण का प्रावधान इस बजट में कर अपनी विकासशील सोच को रेखांकित किया है।

राजनांदगांव में ई चिकित्सालय के

विश्व लिम्फीडीमा दिवस पर निकाली गई जनजागरूकता रैली

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत आज जिला कार्यालय बिलासपुर में विश्व लिम्फीडीमा दिवस के अवसर पर जनजागरूकता रैली निकाली गई। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी लिम्फीडीमा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोगों को लिम्फीडीमा बीमारी के प्रति जागरूक किया जाता है। इस बीमारी में साफ सफाई का विशेष ध्यान देना पड़ता है। जैसे-जैसे इसका स्टेज बढ़ता जाता है तो यह लाइलाज हो जाता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इस अवसर पर मरीजों को किट का वितरण भी किया जाएगा।

बच्चों व महिलाओं पर अपराध रोकने और विधिक सहायता के संबंध में दी गई जानकारी

■ मिशन वात्सल्य के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना एवं किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 संशोधित अधिनियम 2021 आदर्श नियम 2016 संशोधित नियम 2022, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 एवं महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 विषय पर जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला जिला पंचायत सभा कक्ष में प्रथम सत्र में छ0ग0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य पुष्पा पाटले की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। कार्यशाला में गितेश कौशिक सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के साथ घटित अपराध में पीड़ित को प्रदान की जाने वाली विधिक सहायता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। बाल आयोग की सदस्य द्वारा बच्चों के अधिकार एवं सुरक्षा तथा संरक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। मास्टर ट्रेनर श्री विपिन ठाकुर सदस्य किशोर न्याय बोर्ड जिला राजनांदगांव द्वारा प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ कर विषय वस्तु की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बच्चों के साथ होने वाले अपराध एवं उसके रोकथाम के संबध में अवगत कराया। किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 77, 78 के तहत् बालक जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम है को मादक पदार्थ बेचने या क्रय कराने वाले व्यक्ति पर 07 वर्ष के सजा के प्रावधान के संबंध में अवगत कराया गया। नवजात शिशु के किसी स्थल पर प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देते हुए बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत कराने की जानकारी दी गयी। नवजात शिशु की प्राप्ति पर सूचित न किये जाने या नवजात शिशु को स्वयं के संरक्षण में रखे जाने या उसे अवैध रूप से क्रय-विक्रय किये जाना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है।

कार्यशाला के दूसरे सत्र

हर शुक्रवार को तहसील मुख्यालय में लग रहा शिविर

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, प्रमाणीकरण, चिकित्सकीय प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड पंजीयन तथा वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सहायक उपकरण मूल्यांकन हेतु प्रत्येक शुक्रवार को जिले के प्रत्येक तहसील के स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक एवं डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे के द्वारा बताया गया कि उक्त शिविर के सफल संचालन हेतु सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरी निकाय के अधिकारियों को निर्धारित तिथि पर दिव्यांग जनों एवं वृद्ध जनों को उपस्थित कराने के लिए तथा साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञ को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है। तहसील बीजापुर क्षेत्र के लिए दिनांक 3 मार्च को जिला हॉस्पिटल बीजापुर में, तहसील भैरमगढ़ क्षेत्र के लिए 10 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ में, तहसील भोपालपटनम क्षेत्र के लिए 17 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपालपटनम में, तहसील उसूर क्षेत्र के लिए 24 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आवापल्ली में, तहसील गंगालूर क्षेत्र के लिए 29 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगालूर में तथा तहसील कुटरू क्षेत्र के लिए 31 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरू में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 3 मार्च को जिला हॉस्पिटल बीजापुर में 100 से अधिक दिव्यांगजनों एवं वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

लगभग 28 दिव्यांग जनों

आंबा कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने जमकर मनाई होली

■ मुख्यमंत्री की बजट घोषणा से त्योहार की खुशियां हुई दोगुनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भरोसे के बजट की घोषणा के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। होली के दो दिन पहले इस घोषणा से जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने जमकर होली खेली। महिलाओं ने नगाड़े, ढोल की धुनों के बीच गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी और अपनी खुशी जाहिर करते हुए जमकर खुशियां मनाई। बजट को उन्होंने भरोसे का बजट

बताते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज पेश किए गए बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक मानदेय की राशि 6 हजार 500 प्रति माह से बढ़ाकर अब 10 हजार रूपए, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4 हजार 500 रू से बढ़ाकर 7 हजार 500 रूपए मासिक एवं सहायिकाओं का मानदेय 3 हजार 250 रूपए से बढ़ाकर 5 हजार रूपए मासिक करने की घोषणा की गई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय के सामने महिलाओं ने बजट घोषणा पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए देर तक जश्न मनाया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह चौहान ने कहा कि इस घोषणा से मिली खुशी को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति हम सब आभारी है। उन्होंने कहा कि यह बजट हमारे लिए होली, दिवाली सभी त्योहार से बढ़कर साबित हुआ है।

जनचौपाल में मिली निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना की राशि

■ दो दिव्यांगों का मौके पर बना राशन कार्ड

■ कलेक्टर ने जन सामान्य की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवेदनों के निराकरण के निर्देश

रायगढ़/नवप्रदेश। तहसील खरसिया के ग्राम तुरेकेला निवासी अजय बरेठ आज कलेक्टर कक्ष में आयोजित जन चौपाल में पहुंचे थे, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा अजय बरेठ को समाज कल्याग विभाग द्वारा संचालित निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ देते हुए 50 हजार रुपये राशि प्रदान करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। परिवार से चर्चा करने पर सदस्यों ने बताया कि अजय की शादी शांती से हुई थी, चूंकि अजय मुकबधिर है जिसके कारण उन्हें इस योजना का लाभ मिला है। यह राशि दंपति

के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। जिसका उपयोग वे अपने कठिन समय में कर सकेंगे। इसी प्रकार ग्राम-अरसीपाली निवासी लक्ष्मी यादव एवं रायगढ़ विकासखंड के ग्राम चिराईपानी निवासी सहोद्रा वैष्णव दोनों दिव्यांगों ने जीवन-यापन में हो रही कठिनाईयों को कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के समक्ष आवेदन के माध्यम से रखा, कलेक्टर के निर्देश पर मौके पर दोनों का राशन कार्ड बना कर प्रदाय किया गया।

जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में प्रति सोमवार प्रातः 10.30 बजे से जन चौपाल का आयोजन किया जाता है। आज आयोजित जन चौपाल में मांग एवं शिकायतों के कुल 92 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें विकासखंड खरसिया के नरहरि जन चौपाल में मोटर्राइज्ड ट्राइसाइकल की मांग की। उन्होंने बताया कि वे दोनों पैर से दिव्यांग है, उन्हे मोटराइज्ड ट्राइसाइकल की आवश्यकता है, समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हे शीघ्र ही ट्राइसाइकल प्रदान करने की बात कही। इसी प्रकार मालीपारा बोईरदादर निवासी दिलचंद देवांगन दिव्यांगता प्रमाण हेतु आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि बीमारी के कारण वे ठीक से चल नही सकते है, अतः उन्हे दिव्यांगता प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। आवेदन पर कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया एवं सीएमएचओ के माध्यम से उन्हे दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु मेडिकल बोर्ड भेजा गया। इसी प्रकार ग्राम झलमला निवासी जीवन प्रसाद पटेल धान का पैसा प्राप्त नहीं होने की शिकायत आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि धान बिक्री के पश्चात सेवा सहकारी समिति द्वारा धान की रकम का भुगतान नही किया गया है, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने डीआरसीएस को शिकायत की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार चोढ़ा निवासी एतवारिन राठिया एवं ग्राम परसदा निवासी कौशल्या राठिया ने प्रधानमंत्री आवास मांग के आवेदन लेकर पहुंचे थे, कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि आगामी दिनों में सर्वे किया जाएगा एवं प्राथमिकतानुसार योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसी तरह कर्राजोर पुसौर निवासी डिलेश्वर पटेल गोबर विक्रय की राशि भुगतान नहीं होने के सबंध में शिकायत आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि विक्रय किए गोबर की पूरी राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

न्यूज गैलरी

विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा बजट : अहमद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला युवा कांग्रेस के महासचिव आफताब अहमद ने कहा है कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर से छत्तीसगढ़ के भरोसे का बजट पेश किया है। इस बजट में राज्य के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साबित कर दिया कि उनकी सरकार देश में सबसे बड़ी किसान हितैषी सरकार है। बजट में किसानों के साथ-साथ युवाओं का भी ध्यान रखा गया है। महिलाओं का भी ध्यान रखा गया है। युवाओं के भविष्य का ध्यान रखते हुए उनको आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में बजट में प्रावधान किया गया है और नौकरियां कैसे सृजित की जाएगी बजट में उसका भी प्रावधान है। यह बजट छत्तीसगढ़ के लोगों की आकांक्षाओं का बजट है। यह बजट निश्चित रूप छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

सरकार का बजट सिर्फधोखा : जैनम बैद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भूपेश सरकार का बजट केवल धोखा मात्र है। जनता के हित के लिए बजट में कोई भी बड़ा प्रावधान नहीं किया गया है। वहीं भूपेश सरकार अपने पिछले सारे वादे भूल गई है। प्रदेश सरकार के बजट से कांग्रेस की कमजोर नीति भी खुलकर सामने आ गई है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के दक्षिण मंडल संयोजक जैनम बैद ने कहा कि कांग्रेस ने अनियमित कर्मचारियों को चुनाव के दौरान नियमितकरण बड़ा वादा किया था, लेकिन अपने अंतिम बजट में भी भूपेश सरकार इसे लेकर किसी तरह की घोषणा नहीं कर सकी। हाथ में गंगाजल लेकर शराब बंदी के लिए किया गया वादा भी सिर्फदिखावा साबित हुआ। इसके अलावा बेरोजगारों को पूरे पांच साल बेरोजगारी भत्ता देने का वादा करने वाली कांग्रेस ने महज 8 महीने के लिए 2500 रुपए देने का प्रावधान किया है। यह भी प्रदेश के बेरोजगारों के साथ एक मजाक मात्र है। जैनम ने कहा कि भूपेश सरकार के बजट में प्रदेश की उन्नति व प्रगति को लेकर भी कोई विजन नहीं दिख रहा है। बजट के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है। अब तक कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जिस मंद गति से काम किया है। हर वर्ग की अनदेखी की है। उसी तरह उनका यह अंतिम बजट भी कमजोर ही साबित होगा। इससे प्रदेश की जनता को न तो कई बड़ा लाभ दिख रहा हैए वहीं प्रदेश की उन्नति के लिए किसी तरह के बेहतर प्रावधान किए गए हैं।

बजट में हाईटेक नर्सरी व पान अनुसंधान की सौगात स्वागतेय : गिरवर जंघेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने अपने बजट में प्रदेश के हर वर्ग का ध्यान रखा है। लंबित मांगों को लेकर प्रावधान किए गए हैं। वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की योजना भी बजट में शामिल है। आज पेश हुए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए खैरागढ़ के पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने कहा कि बजट में भूपेश सरकार ने नए जिले खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को भी जो सौगातें दी हैं, उनका स्वागत है। भूपेश सरकार ने छुईखदान में पान अनुसंधान केंद्र खोले जाने का प्रावधान किया है। यह मांग सालों से उठ रही थी, इससे छुईखदान में होने वाली पान की खेती को संजीवनी मिलने वाली है। इसी तरह गंडई में हाईटेक नर्सरी स्थापित की जाएगी। इससे किसानों को उच्च क्वालिटी के पौधे उपलब्ध होंगे। इसी तरह खैरागढ़ में पशु अनुसंधान केंद्र खोले जाने से भी स्थानीय किसानों और पशु पालकों को लाभ मिलेगा। गिरवर जंघेल ने कहा कि नए जिले के स्थापना के साथ ही भूपेश सरकार ने उसके विकास के लिए भी पूरा ध्यान रखा है। यह सरकार के संवेदनशीलता को साबित करती है। इसके अलावा ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए राजनांदगांव में छात्रावास, साल्हेवारा में 50 बिस्तर के हास्पिटल की सुविधा भी जनता के हित में हैं। भूपेश सरकार ने हर वर्ग की जरुरत को पूरा करने वाली मजबूत बजट पेश किया है। खैरागढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत आमाघाटकादा के बहुप्रतीक्षित मांग पुलिया निर्माण हेतु 5 करोड़ की राशि वर्ष 2023 के बजट में शामिल करने के लिए गिरवर ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। गिरवर जंघेल ने अपने बयान में कहा कि इससे प्रदेश की उन्नति के साथ आर्थिक मजबूती भी संभव है। भूपेश सरकार ने अपने बजट में हर पहलूओं पर संवेदनशीलता के साथ काम किया है, जिसका फायदा प्रदेश की जनता को मिलने वाला है।

बजट प्रदेश की शिखर यात्रा का दस्तावेज है : मदन साहू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे सभी वर्गों के लिए हितैषी और बड़ा बदलाव लाने वाली अभूतपूर्ण घोषणाओं वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पंचवर्षीय कार्यकाल का यह पांचवा बजट छत्तीसगढ़ की शिखर यात्रा का दस्तावेज है। जिला अध्यक्ष साहू ने कहा कि-कांग्रेस ने जो कहा उसे सच किया। धान के कटोरे में अब धन भी छलक रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लिए सरकार ने 6 हजार सौ करोड़ का प्रावधान किया है। इसी तरह भूमिहीन कृषक मजदूर योजना का फायदा नगर पंचायतों में लागू कर एक बड़े गरीब तबके को लाभान्वित करने की घोषणा महत्वपूर्ण है। युवाओं को 25 सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता दिए जाने की शुरुआत जल?द ही होगी। यह बड़ा निर्णय है। श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण तबके को सशक्त करने की दिशा में कांग्रेस सरकार की योजनाएं मिल का पत्थर साबित हो रहीं हैं। एक बार फिर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इन्हें आगे रखते हुए अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी हैं। ग्राम पटेल, कोटवार के वेतन में बढ़ोत्तरी, गौठान संचालन समिति के अध्यक्ष-सदस्य को वेतन का प्रावधान किया गया है। का भी देयक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सरकार की ओर से दिये जाना वाला अनुदान दोगुना कर 50 हजार किया गया है। इसी तरह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं के वेतन में वृद्धि, स्कूल के रसोईयों के देयक में बढ़ोत्तरी, मितानिनों प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त 22 सौ रुपए प्रतिमाह वेतन की घोषणा को साहू ने महिला सशक्तिकरण की मजबूत सोच बताया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में भी बढ़ोत्तरी महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि-कृषक वर्ग को प्रदेश का सबसे मजबूत आर्थिक आधार माना जाने लगा है। ऐसा भूपेश सरकार की योजनाओं और खेती के क्षेत्र में नवाचार और कृषकों को मिल रहे प्रोत्साहन की वजह से संभव हो सका है।

भोपालपटनम हाट बाजार में लगा जनसंपर्क विभाग का सूचना शिविर

बीजापुर/नवप्रदेश। जनसंपर्क विभाग बीजापुर द्वारा जिला एवं विभिन्न ब्लाक मुख्यालय के हाट-बाजारों में राज्य शासन के चार वर्ष की उपलब्धि एवं महत्वपूर्ण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय के टीम द्वारा लोगों को योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित कर योजनाओं से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रचार-प्रसार ब्रोसर, पाम्पलेट, मासिक पत्रिका जनमन, कैलेंडर, सहित विभिन्न प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। 05 मार्च दिन रविवार को शिविर के अंतिम दिवस पर भोपालपटनम ब्लॉक के हाट बाजार में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना, बिजली बिल हाफ योजना, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन वनाधिकार पत्र सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी सनबोर्ड एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से दी गईं। जिसमें दिनभर लोगो का शिविर में आना-जाना लगा रहा लोगों ने बढ़-चढ़कर शासन की योजनाओं की जानकारी लेने मे उत्सुकता दिखाई, जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित शिविर की प्रशंसा भी किए कि बड़ी आसानी से सूचना बोर्ड एवं प्रचार सामग्री से सभी विभागों की जानकारी मिल रही है भोपालपटनम हाट बाजार में शिविर का प्रशंसा करते हुए गुल्लापेटा की अनिता तामड़ी ने कहा कि इस तरह का शिविर बहुत ही जरूरी है शासन की योजनाओं की जानकारी जमीनी पर पहुंच रही है। वही प्रचार सामग्री से लोगों को योजनाओं को जानने का मौका मिला।

बजट में रायगढ़ को दी कई सौंगातें

- **खुलेगा नया स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कालेज**
- **रायगढ़ में खुलेगा 100-100 सीटर बालक व बालिका छात्रावास**

रायगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में बजट पेश किया। उनके इस बजट में रायगढ़ जिले के लिए भी काफी सौगातें शामिल है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल व अधोसंरचना विकास के कार्य प्रमुख रूप से शामिल है। बजट में हुयी घोषणा अनुसार रायगढ़ में नया स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय खोला जाएगा। इसमें भवन तथा सेटअप के लिए 12 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही रायगढ़ में 100-100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए खोले जायेंगे।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बहुत सी सौगातें जिले को मिली है। जिसमें सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ को 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन करने के लिए नये पदों के सृजन का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही घरघोड़ा में 50 बिस्तर अस्पताल, राजपुर में 30 बिस्तर अस्पताल के साथ बसंतपुर, अमलीडीह विकासखण्ड घरघोड़ा, नवापारा विकासखण्ड पुसौर के उप स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना हेतु नये पदों के सृजन का प्रावधान किया गया है। रायगढ़ के मेडिकल कालेज अस्पताल में ई चिकित्सालय शुरू किया जाएगा। इसके लिए सेटअप तथा सूचना प्रौद्योगिकी के कार्यों को मंजूरी दी गई है। साथ ही कठानी के अस्पताल के भवन निर्माण का भी प्रावधान किया गया है। जिले के खरसिया विकासखण्ड के ग्राम-चपले में नवीन पुलिस चौकी की स्थापना की जाएगी। रायगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन निर्माण का भी प्रावधान किया गया है। जिले में उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है। इससे खाद के सैंपलों के जांच में तेजी आएगी। कौशल विकास के तहत लोईंग में नवीन आईटीआई की स्थापना की जाएगी।

मानदेय में वृद्धि की घोषणा से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में हर्ष,रंग गुलाल खेल मनाया जश्न

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भरोसे के बजट ने दो दिन पहले ही होली मनाने का मौका दे दिया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के विधानसभा में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की घोषणा करते ही महिलाओं ने रंग-गुलाल खेल कर जश्न मनाया। सभी काफी उत्साहित नजर आयी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं संघ की अध्यक्ष अनिता नायक ने इस संवेदनशील कदम के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार जताया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज बजट में कार्यकर्ताओं के मानदेय में 35 सौ की वृद्धि कर दस हजार, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4500 से बढ़ाकर 7500 और सहायिकाओं का मानदेय 18 सौ से बढ़ाकर अब 5 हजार करने की घोषणा की।

रायगढ़ में अब स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज भी, भवन और सेटअप के लिए 12 करोड़ का प्रावधान

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के छात्रों को फीस की चिंता किए बिना अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने की पहल आज बजट में अंग्रेजी मीडियम कॉलेज खोलने की घोषणा के साथ एक पायदान और आगे बढ़ी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में कुल 10 अंग्रेजी मीडियम कॉलेज खोलने की घोषणा की है। जिसमें रायगढ़ भी शामिल है। यहां नया कॉलेज खोला जाएगा, इसके लिए भवन व सेटअप के लिए 12 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। इससे जिले के विद्यार्थियों में काफी उत्साह है। 12 वीं के छात्र प्रतीक साहू ने कहा कि कई ऐसे विद्यार्थी होते हैं जो इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई करते हैं और आगे कॉलेज में इंग्लिश मीडियम से पढ़ाई नहीं होने के कारण उन्हें अपने मीडियम को लेकर काफी परेशानी उठानी पड़ती है। यदि इंग्लिश मीडियम कॉलेज मिलता है भी तो वह शहर से बाहर होने के कारण वहां जा कर रहना और पढ़ाई करना होता है। यह हर किसी के लिए आसान नहीं होता है। कई लोगों को आर्थिक दिक्कतों के चलते दूसरे कॉलेजों में एडमिशन लेना पड़ता है। इस कदम के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार जताया है। वहीं छात्र रुद्र प्रताप सिंह, अनुष्का शर्मा और अनुष्का महतो ने भी रायगढ़ में इंग्लिश मीडियम कॉलेज खोले जाने को छात्रों के लिए हितकारी फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में इंग्लिश मीडियम कॉलेज खुलने से स्वामी आत्मानंद स्कूल के साथ ही दूसरे सभी अंग्रेजी मीडियम स्कूल के बच्चे भी यहां पढ़ सकेंगे। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल रायगढ़ की शिक्षिका उषा चंद्रा कहती हैं कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों को खोलने के सरकार के पहल से शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई की नींव मजबूत हो रही है। इसके पश्चात अब अंग्रेजी मीडियम कॉलेज खोलने का कदम अत्यंत सराहनीय है। इससे अंग्रेजी माध्यम से पढ़े सभी बच्चों को बहुत फायदा होगा। रायगढ़ के साथ ही आस-पास के बच्चे भी यहां आकर पढ़ सकेंगे।

बजट में प्रदेश की जनता के नाम की महत्वपूर्ण घोषणाएं

- **होली से पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ने खेले रंग, मानदेय में वृद्धि की घोषणा का स्वागत**

कोरिया/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सोमवार को विधानसभा सत्र में बतौर वित्तमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ बजट 2023-24 प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य की जनता के नाम कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। प्रदेश के किसान, युवा, महिलाओं, ग्रामीण एवं शहरी हर वर्ग के लोगों को प्राथमिकता में रखते हुए बजट की घोषणा की गई है। बजट में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आय में वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, रोजगार एवं उद्यमिता के नवीन अवसरों का सृजन, ग्रामीण एवं शहरी अधोसंरचना के बहुआयामी विकास को जोड़ा गया है।

इसके साथ ही मितानिनों, ग्राम कोटवार, ग्राम पटेल और मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों में रसोइयों, विद्यालयों में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों, तथा कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने वाले होमगार्ड के जवानों को दिए जा रहे मानदेय में भी बढ़ोतरी की गई है।

शिक्षित बेरोजगारों को मिलेगा बेरोजगारी भत्ता

बजट में छत्तीसगढ़ शासन ने शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए प्रति माह की दर से बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने की घोषणा की है। जिससे युवाओं में हर्ष है। युवा साथी पूरन रजवाड़े ने घोषणा पर खुशी जताते हुए कहा कि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इस राशि से निश्चित ही आवश्यक समय में मदद मिलेगी।

गुलाल लगाकर किया मानदेय बढ़ने की घोषणा का स्वागत

बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 6500 से बढ़ाकर 10 हजार रुपए प्रतिमाह, आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3250 से बढ़ाकर 5 हजार रुपए प्रतिमाह, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4500 से बढ़ाकर 7500 किए जाने की घोषणा का स्वागत महिलाओं ने होली से पहले ही एक दूसरे को गुलाल लगाकर किया। उन्होंने शासन की इस घोषणा पर बेहद खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्कूलपारा रमा सिंह, बुधा जायसवाल केनापारा और आंगनबाड़ी सहायिका सरिका ने मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन को इस घोषणा के लिए धन्यवाद देती हैं।

शिक्षित बेरोजगारों को मिलेगा प्रतिमाह 2500 रूपए बेरोजगारी भत्ता

- **आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी कार्यकर्ता और रसोईयों का बढ़ा मानदेय**

कोरबा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में सत्र 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने बजट भाषण में प्रदेश सहित कोरबा जिलेवासियों को भी विभिन्न सौगातें दी। उन्होंने प्रदेश के 18 से 35 वर्ष के शिक्षित बेरोजगारों को प्रतिमाह 2500 रूपए बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की। इससे प्रदेश के बेरोजगार युवक-युवतियां लाभान्वित होंगे। इसी प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी कार्यकर्ता, मितानिनों और रसोईयों का मानदेय भी बढ़ाने की घोषणा की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अब प्रतिमाह 10 हजार रूपए मानदेय मिलेगा। इसी प्रकार आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाकर 05 हजार रूपए, मिनी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाकर 07 हजार 500 रूपए किया गया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मितानिनों को पहले से दी जा रही प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त राज्य मद से 2200 रूपए प्रतिमाह की दर से मानदेय देने की भी घोषणा की। बजट में कोरबा जिले को भी विभिन्न सौगाते मिली है। कटघोरा में अपर कलेक्टर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय खुलेंगे। बजट में कोरबा पश्चिम में ताप विद्युत गृह स्थापना के लिए 25 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

भूपेश सरकार के वादाखिलाफी का लिखित दस्तावेज है यह बजट : भाजपा

युवा, किसान और कर्मचारियों के लिए धोखे का बजट विकास मरकाम फोटो-24

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बजट भरोसे का नही बल्कि सभी वर्ग के लिए धोखे का बजट है। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को बिना शर्त 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा करने वाली सरकार ने घोषणा पत्र जारी करने के दौरान 3000 करोड़ का बजट तय किया था। बजट से पहले 400 करोड़ देने की घोषणा करते है। लेकिन बजट में महज 250 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाता है। ये राशि युवाओं के प्रति आपके धोखेबाजी रवैया का बड़ा सबूत है। इसके अलावा प्रदेश के युवाओं के रोजगार, आजीविका और कौशल विकास के लिए अपेक्षित बजट जारी नही किया गया है। यह बजट बजट नही युवाओं के साथ विश्वासघात है।

विकास मरकाम ने बजट को भूपेश सरकार के वादाखिलाफी का लिखित दस्तावेज बताते हुए कहा चार सालों में पंचायत और ग्रामीण विकास का आधार बताकर जिस नरवा गरवा घुरुवा बारी योजना को शुरू किया गया था। उसके लिए बजट में कोई खास राशि जारी न करना यह बताता हैं कि यह योजना बुरी तरह फ्लॉप हुई और केवल भ्रष्टाचार का जरिया मात्र था। इसके अलावा बजट में जनघोषणापत्र में किए गए वादों को अमल करने की एक कोई कोशिश नही की गई है। न तो किसान को वादानूसार पिछले दो साल का बकाया बोनस देगी। न ही सरकार शराबबंदी का वादा पूरा करने जा रही है। घोषणानुसार 200 फुडपार्क भी छत्तीसगढ़वासियों के लिए केवल सपना है। इस बजट से प्रदेश के हर विभाग के कर्मचारियों के हाथ केवल निराशा ही लगी है। महीनों से आंदोलनरत कर्मचारियों से नियमतिकरण का भी वादा नही निभाया गया है। पत्रकारों की सुरक्षा पर घड़ियाली आंसु बहाने वाले लोग अपने अंतिम बजट में भी कोई प्रावधान नहीं कर पाए।

प्रदेश के आदिवासियों को छलने वाला बजट बताते हुए सरकार पर रोष व्यक्त करते हुए मरकाम कहते है प्रदेश के 32त्न आदिवासी समुदाय के लिए बजट का महज 1.2त्न का बजट भूपेश सरकार का आदिवासियों समुदाय के प्रति दोयम दर्जे के व्यवहार को दिखाता है। भूपेश राज बस्तर समेत प्रदेश के सभी जनजाति समाज गंभीर स्वास्थ्य समस्या से जूझते रहते है इलाज के लिए शहरों में आना पड़ता है। उन्हे भी भूपेश सरकार ने बजट में केवल झांसा दिया है। पूरे प्रदेश में मोबाइल मेडिकल यूनिट के नाम में केवल पांच करोड़ जारी करना हास्यास्पद है। भाजपा आदिवासी क्षेत्रों को एजुकेशन हब के रूप में विकसित कर रही थी। कांग्रेस ने उच्च शिक्षा के विकास को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

विकास ने कहा बजट यद्यपि चुनावी है लेकिन प्रदेश के जनता के हाथो केवल झुनझुना ही हाथ लगा है। प्रदेश की जनता में भूपेश सरकार के खिलाफ जबरदस्त असंतोष है। भूपेश सरकार को इसका परिणाम आगामी चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

अडानी के पक्ष में भाजपा की पूंजीवादी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

- **एसबीआई मुख्यालय के सामने कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफकी नारेबाजी**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में घोर पूंजीवादी नीतियों से आम जनता को आर्थिक संकट पैदा हुआ है केंद्र की भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई एलआईसी जैसी सार्वजनिक संस्थाओं को निवेश करने को मजबूर कर रही है।

जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के करोड़ों भारतीयों की बचत जोखिम में है। आज इसके विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन जयस्तंभ चौक स्थित एसबीआई कार्यालय के सामने किया गया जहां कांग्रेस के नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार ने कहा था ना खाऊंगा ना खाने दूंगा लेकिन वह खुद भी खा रहे हैं और अपने मित्र अडानी को भी खिला रहे हैं हमारी जनता का पैसा स्टेट बैंक और एलआईसी में जमा है। 36000 करोड़ रुपए एलआईसी का और 27000 करोड़ एसबीआई का जो देश का राष्ट्रीय कृत बैंक है उसका पैसा डुबोने का काम मोदी की सरकार ने किया है।आम जनता की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ रही है कांग्रेस पार्टी की मांग है आम जनता का पैसा सुरक्षित हो।

इस प्रदर्शन में रवि घोष प्रतिमा चंद्राकर संजय पाठक राजेंद्र साहू प्रमोद दुबे गिरीश दुबे उधोराम वर्मा शिव सिंह ठाकुर कन्हैया अग्रवाल राकेश धोत्रे दिलीप चौहान दिनेश ठाकुर अशोक राज आहूजा बंशी कन्नौजे नवीन चंद्राकर प्रशांत ठेंगड़ी दीपा बग्गा देव कुमार साहू अशोक ठाकुर अरुण जंघेल संजय सोनी जी श्रीनिवास शब्बीर खान दिलशाद हुसैन मनीराम साहू वारेन साहू जीतू तांडी अनिल रायचूरा अरशद अली मोहम्मद सिद्दीक मोहसिन खान नवीन लाजरस भीम यादव विष्णु राजपूत मुन्ना सोनकर सुनील ध्रुव अस्सु खान डोमेश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कालेज का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

- **छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम कर अपना व अपने क्षेत्र का करें नाम रोशन : विधायक**

बलरामपुर/नवप्रदेश। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में 8वां वार्षिकोत्सव लोकरंग 2023 कार्यक्रम सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह के मुख्य अतिथि एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप खेस्स, नगर पालिका बलरामपुर की अध्यक्ष सुंदरमणी मिंज, उपाध्यक्ष नवीन गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि इन्द्रजीत दीक्षित एवं वरिष्ठ नागरिक रिपुजीत सिंहदेव व नन्हे लाल गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि बृहस्पत सिंह के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह ने छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम करके अपना एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के लिए सांस्कृतिक स्थायी मंच निर्माण एवं छात्र-छात्राओं के ठहराव के लिए महाविद्यालय के पास यात्री प्रतिक्षालय बनाने हेतु 05-05 लाख रुपये तथा कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को एकल कार्यक्रम हेतु 10 हजार रुपये एवं समूह कार्यक्रम हेतु 20 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। सांस्कृति कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा गायन, नृत्य, नाटक, भाषण, कैरम, बैडमिंटन, शतरंज, गोला तथा भाला फेक, कब्बड़ी, खो-खो, 100 तथा 200 मीटर दौड़, बॉलीवाल, निबंध, चित्रकला, तत्कालिक भाषण इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय के प्राध्यापक, कार्यालय कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

प्रधानमंत्री आवास को लेकर भाजपा का धरना,फिर घेरा विधायक

बीजापुर/नवप्रदेश। मोर आवास मोर अधिकार के तहत जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने भाजपा ने जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर विधायक निवास घेरा। जिला मुख्यालय में भाजपा ने नया बस स्टैंड बीजापुर में धरना प्रदर्शन कर आवासहीन हितग्राहियों को आवास देने की मांग की है, मोर आवास मोर अधिकार रैली में हजारों की संख्या में प्रधानमंत्री आवास वंचित महिलाएं, पुरुष व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि 4 साल पहले कांग्रेस सरकार विभिन्न वादे करके सत्ता में आई लेकिन यह सरकार जनता की रोटी और मकान छीनने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने छग के गरीबों के लिए 16 लाख प्रधानमंत्री आवास भेजे, लेकिन भुपेश सरकार उसे गरीबों तक पहुंचने क्यों नहीं दे रहे हैं। पूर्व मंत्री गागड़ा ने कहा कि भूपेश बघेल जी जनता जानना चाहती है कि जन्नत के समान अधिवेशन आप छग की जनता के पैसे खर्च कर रहे हो लेकिन गरीब के मकान के लिए आपके पास पैसा नहीं है।यह छग की जनता के साथ धोखा है और अन्याय है। साथ ही गागड़ा ने कहा कि आज हम जनता के साथ रैली लेकर निकले हैं। याद रखें अगर आपने फिर भी गरीबों को मकान नहीं दिए जनता से किए वादे पूरे नहीं किए तो इतिहास गवाह है कि जनता के गुस्से की यह आक्रोश से कई सरकारों को उखाड़ फेंक चुके हैं।

धरना, रैली व विधायक निवास घेराव का नेतृत्व करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री आवास प्रभावितों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी पर हल्ला बोला,अगर फिर भी सरकार नहीं चाहती और गरीबों को

टेलीग्राम पर ऑनलाइन ठगी का नया ट्रेंड

एक्स्ट्रा इनकम के जाल में कहीं आप ना फंस जाएं, बचने के लिए रखें ये सावधानी

इंदौर/नवप्रदेश। इन दिनों ऑनलाइन ठगी का नया ट्रेंड सामने आया है। एक्स्ट्रा इनकम का लालच देकर ठगी लोगों को अपना शिकार बना रहे है। इस एक्स्ट्रा इनकम के लालच में कई अच्छी प्रोफाइल के लोग फंस चुके है और लाखों रुपए गंवा चुके है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले दो महीने में इंदौर में ही आधा दर्जन से ज्यादा लोग इनके इस जाल में फंस चुके है। वहीं कुछ ऐसे होंगे जिन्होंने इसकी शिकायत नहीं की होगी। आप भी कुछ सावधानियां रखकर ऑनलाइन ठगी के इस ट्रेंड से बच सकते है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वैसे तो आपको कई जानकारी मिल जाती है। मगर सोशल मीडिया साइबर क्राइम करने वालों के लिए एक अच्छा साधन बन गया है। खास कर कुछ एप ऐसी है, जिससे का इस्तेमाल कर न सिर्फ वो लोगों को ठग लेते है बल्कि एप की कुछ फीचर्स के कारण उनकी पहचान भी उजागर नहीं हो पाती है।

ऐसे में इन साइबर क्राइम करने वालों को तलाश करना भी एक बड़ा चैलेंज बन जाता है। पिछले कुछ दिनों में ही इंदौर के कई ऐसे लोग है जो एक्स्ट्रा इनकम के कारण इन लोगों के जाल में फंस चुके है। साइबर ठगी का ये काम इन दिनों टेलीग्राम पर किया जा रहा है। कई बार आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन विज्ञापन या कुछ लिंक पर क्लिक करने से बदमाश आप तक पहुंचते हैं। इसमें बदमाश एक्स्ट्रा इनकम के नाम पर आपको कुछ काम करने के लिए बोलते हैं। जिसमें यूट्यूब पर लाइक करना, इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बड़ाना ऐसे कुछ छोटे-छोटे टास्क देते हैं।

इसके एवज में आपको 200-400 रुपए मिलते हैं। जब आप इन टास्क को करने लगते हैं तो आपको तीन से चार हजार रुपए की इनकम भी कराते हैं। इनकम आते ही व्यक्ति को और लालच आ जाता है।

बदमाश आपको टास्क करने के पहले एक ऑनलाइन लिंक भेजते हैं। ऑनलाइन लिंक से वे आपकी आईडी तैयार करवाकर आपका अकाउंट बनवाते हैं। अकाउंट बनने के बाद टास्क पूरा करने पर आपको तीन से चार हजार की इनकम होने लगती है। जब आपके इस अकाउंट में पैसा नजर आता है तो ये बदमाश आपको बड़ी इनकम करने के जाल में फंसाने का काम करते हैं।

जब आपको कुछ एक्स्ट्रा इनकम नजर आने लगती हो तो साइबर दुनिया के ये बदमाश आपको झांसे में लेते हैं। ये आपको बताते हैं कि आप छोटे-छोटे टास्क करके कम लाभ कमाएंगे। अगर आपको ज्यादा पैसा कमाना चाहते हैं तो क्रिप्टो में ट्रेड करें। साइबर के ये बदमाश आपको इसे लेकर इतना कनवेंस कर देते हैं कि आप खुद ही इन्हें पैसा दे देते हैं। ये साफ कहते हैं कि आप पैसे दो क्रिप्टो में ट्रेडिंग हम करेंगे।

सार-समाचार

एम्स में पीठ दर्द के पीड़ितों को मिलेगा आरटीएमएस पद्धति से इलाज

भोपाल/नवप्रदेश। पीठ दर्द के वर्षों पुराने मर्ज से पीड़ित मरीजों के लिए अब जल्द ही एम्स में सटीक उपचार की व्यवस्था होने जा रही है। इसके तहत यहां आरटीएमएस (रिपिटेटिव ट्रांसक्रानियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन) पद्धति से इलाज किया जाएगा। बताया गया है कि विज्ञान और अनुसंधान बोर्ड ने एम्स को हाई एंड आरटीएमएस उपकरण उपलब्ध कराए हैं। इन उपकरणों को फिजियोलॉजी डिपार्टमेंट में इंस्टॉल करने का काम जल्द शुरू किया जाएगा। सबसे पहले इन उपकरणों की मदद से पीठ दर्द के उन मरीजों का इलाज किया जाएगा जो पारंपरिक इलाज से ठीक नहीं हो रहे हैं। इलाज के साथ रिसर्च वर्क भी किया जाएगा। यही नहीं, न्यूरोलॉजिकल मामलों जैसे स्ट्रोक, पार्किंसंस माइग्रेन, टिनिटस और न्यूरोपैथिक दर्द, अवसाद, चिंता, व्यवहार संबंधी परेशानी और बाइपोलर जैसी मानसिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज में भी इन उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। दावा किया गया है कि एम्स दिल्ली के बाद यह अपनी तरह का पहला लैब सेटअप और उपकरण हैं।

दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, साथी घायल

बांदा/नवप्रदेश। देहात कोतवाली क्षेत्र के बेलबई गांव के पास दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। एक बाइक के सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव निवासी संदीप (26) पुत्र जयकरन शनिवार की शाम अपने पड़ोसी इंद्रराज (22) पुत्र बैजू के साथ बांदा से बाइक में बैठकर गांव जा रहे थे, तभी बेलवई बस स्टैंड के समीप सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। इससे बाइक सवार संदीप और इंद्रराज घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। खबर पाकर परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। घरवालों ने संदीप को नाजुक हालत में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के जीजा ईश्वरी प्रसाद ने बताया कि संदीप घर में ही किराने की दुकान खोले हुए था। इसी से वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह तीन भाइयों में बड़ा था। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रीती के अलावा एक पुत्र छोड़ गया है।

ट्रेन से कटकर किशोर और युवक की मौत

बांदा/नवप्रदेश। ट्रेन में बैठकर दिल्ली जा रहा युवक पैर फिसल जाने से ट्रेन से नीचे आकर कट गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। एक अन्य घटना में मटौंध थाना क्षेत्र के भूरागढ़ गांव में बकरी को बचाने के चक्कर में किशोर ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। उसकी भी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने दोनो शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव निवासी कल्लू (22) पुत्र जियालाल का शव शनिवार की रात खुरहंड रेलवे स्टेशन के समीप पड़ा हुआ था। वहां से गुजर रहे प्वाइंट्स मैन ने देखा तो घटना की जानकारी जीआरपी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से निकले आधार कार्ड और टिकट के जरिए ग्राम प्रधान को सूचना दी। ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी परिजनो को दी। सूचना मिलते ही घरवालों में चीखपुकार मच गई। खबर पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के घरवालों का कहना है कि कल्लू दिल्ली जाने के लिए शुक्रवार के दिन घर से निकला था। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। एक बहन है। उसकी आगामी सात जून को शादी होने वाली थी। दिल्ली में रहकर काम करता था। दूसरी घटना में मटौंध थाना क्षेत्र के दुरेड़ी गांव निवासी विनय वर्मा (16) पुत्र लक्ष्मण वर्मा शुक्रवार की शाम भूरागढ़ रेलवे लाइन पर बकरियां चरा रहा था। एक बकरी उसकी रेलवे लाइन पर चली गई। इसी बीच कानपुर पैसेंजर ट्रेन आ रही थी। बकरी को बचाने के चक्कर में विनय ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर बाद शौच को गए ग्रामीणों ने देखा तो उसका शव पड़ा हुआ था। शव देखते ही उसे पहचान लिया। घटना की जानकारी घरवालों को दी गई। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पत्रकारों की पीढ़ी तैयार करने वाले पीपी सिंह नहीं रहे

भोपाल के भदभदा विश्रामघाट में हुआ अंतिम संस्कार

भोपाल/नवप्रदेश। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक पुष्पेंद्र पाल सिंह नहीं रहे। सोमवार देर रात हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। दोपहर 3.30 बजे भदभदा विश्रामघाट पर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। सीएम शिवराज सिंह चौहान, पूर्व सीएम कमलनाथ, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई मंत्रियों ने उनके निधन पर शोक जताया। पीपी सर के नाम से जाने जाने वाले पुष्पेंद्र पाल सिंह के पढ़ाए छात्र आज देश और दुनिया के प्रमुख पत्रकारिता संस्थानों में मुख्य पदों पर हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट करते हुए लिखा- हिंदी पत्रकारिता जगत के लिए बड़ी क्षति। पुष्पेंद्र पाल सिंह जी मेरे लिए एक मित्र और परिवार की तरह थे। उनका असमय जाना मेरी व्यक्तिगत क्षति है। एक योग्य, सरल और कर्मठ व्यक्तित्व, जिन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई, उसे उत्कृष्टता के साथ उन्होंने पूरा किया। पुष्पेंद्र पाल सिंह जी अपने आप में पत्रकारिता का एक संस्थान थे। उन्होंने प्रदेश और प्रदेश के बाहर पत्रकारिता के अनेकों विद्यार्थी गढ़े। विद्यार्थियों के बीच %पीपी सर% के नाम से प्रसिद्ध एक योग्य गुरु का जाना स्तब्ध कर गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुष्पेंद्र पाल सिंह जी को अपने श्री चरणों में स्थान और परिजनों को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। वे अपने कार्यों और विचारों के माध्यम से सदैव हम सबके हृदय में रहेंगे।

कमलनाथ ने लिखा- पुष्पेंद्र पाल सिंह व्यक्ति नहीं, संस्था थे

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया - पत्रकारिता एवं जनसंपर्क में मध्यप्रदेश में अपना अद्वितीय स्थान रखने वाले पुष्पेंद्र पाल सिंह के असमय निधन का समाचार प्राप्त हुआ। सिंह व्यक्ति ही, नहीं संस्था थे। पत्रकारों की पूरी पीढ़ी तैयार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मैं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

सिंधिया ने लिखा- माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल के पूर्व प्राचार्य पुष्पेंद्र पाल सिंह के निधन के समाचार से स्तब्ध हूं। ईश्वर, दिवंगत आत्मा को बैकुंठ धाम में स्थान दे और उनके शोक संतप्त परिजनों को इस आघात को सहने की शक्ति दे। मेरी गहरी संवेदनाएं।

कृषि मंत्री कमल पटेल ने भदभदा विश्राम घाट पर पहुंचकर पुष्पेंद्र पाल सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा- आज मन बहुत भारी है, विश्वास नहीं होता कि अब पुष्पेंद्र जी हमारे बीच नहीं हैं। परमात्मा उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।

सरकार के रोजगार अखबार के संपादक थे

प्रो. पुष्पेंद्र पाल सिंह पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआइ) के मप्र चैप्टर के अध्यक्ष भी थे।

इसके अलावा साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से भी उन्हें गहरा लगाव था।

2015 में वे मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग में मुख्यमंत्री के ओएसडी नियुक्त हुए।

सरकार के रोजगार अखबार रोजगार और निर्माण के संपादक भी थे।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष रह चुके हैं।

आवास विकास से अस्पताल और पैथालॉजी हटाने को चुनाले दायर करेंगे जनहित याचिका

बांदा/नवप्रदेश। शहर के आवास विकास मोहल्ले में अवैध तरीके से संचालित किए जा रहे अस्पतालों और पैथालॉजी की शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही न होने पर आप नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर तत्काल कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में चुनाले ने आरोप लगाया है कि मेरी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया और यहां के जिम्मेदार अधिकारियों ने उसे दबा दिया। चुनाले ने बताया कि इसके पहले भी उन्होंने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की थी। लखनऊ से जांच के लिए आदेशित किया गया था। किन्तु एक पखवारा बीतने के बावजूद अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। उन्होंने बताया कि आवास विकास में अवैध रूप से चलाए जा रहे अस्पताल और पैथालॉजी बंद कराकर भवन स्वामियों को इन्हें खाली कराने की नोटिस भी जारी की थी। बांदा पुलिस से भी अस्पताल और पैथालॉजी खाली कराने के लिए सहयोग मांगा गया था।

युवक की हत्या के खुलासे को लगाई गईं तीन टीमें

बांदा/नवप्रदेश। ननिहाल में रह रहे युवक की अज्ञात लोगों ने गला काटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शव को तालाब में फेंक दिया और फरार हो गए। घटना को चौबीस घंटे गुजर गए, पुलिस फिलहाल किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। थानाध्यक्ष का कहना है कि हत्या का खुलासा करने के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला रेतकर हत्या करने की पुष्टि की गई है। सिर के पीछे हिस्से में भी धारदार हथियार के निशान हैं। बिसंडा थाना क्षेत्र के कैरी गांव निवासी देवेंद्र पटेल उर्फ गोलू (25) पुत्र स्व. विकास सिंह अपने नाना पूर्व प्रधान जसवंत सिंह के यहां पल्हरी गांव में रहता था। शुक्रवार की रात वह बिना बताए घर से निकल गया था।

सीएम शिवराज ने किया अर्जुन सिंह की प्रतिमा का अनावरण

बेटी वीणा की मांग-भारत भवन में अर्जुन के नाम पर बनाई जाए फोटो गैलरी

भोपाल/नवप्रदेश। एमपी के पूर्व सीएम और कांग्रेस के सीनियर लीडर रहे अर्जुन सिंह की प्रतिमा का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने अनावरण किया। भोपाल के व्यापमं चौराहे पर दो सालों से अनावरण का इंतजार कर रही पूर्व सीएम की प्रतिमा को लेकर बीजेपी के विधायक नारायण त्रिपाठी ने सरकार को अल्टीमेटम दे दिया था। त्रिपाठी ने 4 मार्च को इस प्रतिमा के अनावरण का ऐलान किया था। इसी बीच सरकार की ओर से 7 मार्च की तारीख तय कर दी गई। तीन साल की जद्दोजहद के बाद आज सीएम शिवराज सिंह चौहान खुद अर्जुन सिंह की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंच पर कन्या पूजन कर माला पहनाई और पूर्व

मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कन्या पूजन कर दक्षिणा देकर सभी पूज्य कन्याओं के चरण स्पर्श किए। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह की बेटी वीणा सिंह ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि भारत भवन की उपलब्धि अर्जुन सिंह के नाम दर्ज कर भारत भवन में एक कॉरिडोर एक फोटो गैलरी अर्जुन के नाम पर बनाई जाए।

बारिश ने बदला समय

तय कार्यक्रम के मुताबिक पूर्व सीएम अर्जुन सिंह की प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम मंगलवार सुबह 10 बजे तय किया गया था, लेकिन सोमवार को हुई तेज बारिश के चलते शाम 5 बजे प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह के बेटे और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया मौजूद रहे।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद नानके पेट्रोल पंप से हटाई गई थी प्रतिमा

11 अक्टूबर 2019 में कमलनाथ सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की प्रतिमा नानके पेट्रोल पंप चौराहे पर स्थापित की गई थी। यहां पर पहले चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा लगी थी। इस प्रतिमा के लगने के बाद यह मामला हाईकोर्ट में चला गया। इसके बाद नगर निगम ने पूर्व सीएम की प्रतिमा को यहां से हटाकर व्यापमं चौराहे पर शिफ्ट कर दिया था। इस दौरान कांग्रेसियों ने आपत्ति भी जताई थी।

पूर्व विधायक के साथ मुल्तानपुरा के निवासी पहुंचे कलेक्टर कार्यालय, सौंपा ज्ञापन

ब्यावरा/नवप्रदेश । नगर पालिका क्षेत्र वार्ड क्रमांक 1 मुल्तानपुरा स्थित शराब की दुकान हटाने को लेकर मुल्तानपुरा के निवासी पहुंचे कलेक्टर कार्यालय पूर्व विधायक नारायण सिंह पवार भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित शर्मा के साथ दिया कलेक्टर को ज्ञापन। कुछ दिनों पहले नई सड़क के निर्माण के दौरान सड़क के बीच जो भी चाय शराब की दुकान जो कि नगर पालिका के द्वारा तोड़ दी गई थी उस दुकान को रेवासी इलाके में मुल्तानपुरा निवासी गोपाल मेवाड़ा की दुकान को किराए से लेकर शराब के ठेके को स्विफ्ट कर दी गया है। श्रीमान कलेक्टर महोदय मुल्तानपुरा स्थित शराब की दुकान बीचोबीच लगाई गई है आसपास रेवासी इलाका होने के कारण और दो धार्मिक मंदिरों भी के पास भी शराब की दुकान स्थापित किया गया है। विवेकानंद स्कूल शासकीय स्कूल और भी अन्य बड़े स्कूलों में बच्चे रोज जाते हैं दुकान सड़क की इस रास्ते में पढ़ती है इस दौरान शराब की दुकान के बाहर शराब पीने वाले लोगों की भीड़ एकत्रित रहती है नशे की हालत में कई प्रकार की गाली गलौज अपशब्दों का प्रयोग यहां पर किया जाता है।

शराब के ठेके को लेकर मुल्तानपुरा निवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है समस्त वार्ड निवासियों का अनुरोध है श्रीमान नई शराब नीति के नियमों के विरुद्ध शराब की दुकान खोली गई है इस जगह से शराब का पूर्ण रूप से संचालन बंद किया जाए अगर जल्दी ही शराब के ठेके को मुल्तानपुरा से नहीं हटाया गया तो हम समस्त मुल्तानपुरा के लोग अपने परिवार सहित सड़क पर बैठकर चक्का जाम धरना आंदोलन करेंगे इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी।

भाजपाई नेता और कथित पोर्टलिहा पत्रकार खुद चोरी की बालू ढोने में जुटे

बुंदेलखंड में बालू चोरी पर नहीं लग रही लगाम, विभागीय अधिकारी मौन

बांदा/नवप्रदेश। तमाम कोशिसों के बावजूद बुन्देलखंड मे बालू चोरी का धंधा कहीं मंदा नहीं दिखाई दे रहा। शासन और प्रशासन डाल-डाल ! और बालू माफिया पात-पात पर विचरण कर रहे हैं। अब तो बाकायदा बीजेपी का झंडा लगाकर नदियों से बालू चोरी की जा रही है। हालांकि बालू माफिया चौकीदारों से लेकर थानेदारों तक! पोर्टलिहारों से लेकर डंडीबाज भिखिहारों तक! खनिज विभाग से लेकर, परिवहन विभाग तक, और राजस्व विभाग से लेकर पुलिस विभाग तक सबका तयशुदा अलग-अलग हिस्सा हफ्तावार पहुंचा रहा है। इसके बावजूद उसे अपनी धमक दिखाने और छोटे-मोटे किसानों को अरदब मे लेने के लिये भाजपा के झंडे का सहारा लेना पड रहा है। बांदा शहर से सटे केन नदी के शंकर घाट, छुलछुलिया घाट, बोधी पुरवा,आदि बालू घाटों से दिन रात बालू चोरी की जा रही है। इन बालू खदानों से छोटे-छोटे लोडरों, ई रिक्शा, टैम्पो, और ट्रैक्टरों आदि वाहनों से चोरी की बालू ढोई जा रही है। इस बालू चोरी मे यहां के कथित मीडिया वाले और बीजेपी के छुटभैया नेता बढ चढकर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि भाजपा से जुडे कुछ भाजपाई नेता और कथित पोर्टलिहा पत्रकार खुद चोरी की बालू ढोने मे जुट गये हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक केन नदी के राजघाट बालू घाट से रात मे बालू निकाली जा रही है। रात का सन्नाटा पसरते ही यहां भाजपा से जुडे नेताओं के पचासों ट्रैक्टर बालू ढोने के काम मे जुट जाते है।

सुबह 4.00 बजे तक सैकडों ट्रैक्टर बालू पार कर दी जाती है। लोडरों की संख्या भी कम नहीं रहती। बालू चोरी मे लगाये गये यह छोटे-बडे वाहन खुलेआम बालू लेकर शहर की पुलिस चौकियों के सामने से गुजरते हैं। पुलिस किसी तरह की कोई रोक टोक नहीं करती ? बताते हैं कि इन वाहनो के मालिक खेप के हिसाब से पुलिस को चढावा पहुंचा देते हैं।

शहर के करबला रोड होते हुये नदी घाट तक दिन रात बालू भरे लोडर दनदनाते रहते हैं। इन सबमे भाजपा का झंडा लहरा रहा होता है। यहां नदी के बालूघाट से ताल्लुक रखने वाले लोगों ने बताया कि पप्पू नामक एक तथाकथित पत्रकार कुछ महीने पहले तक शहर के करीब 60 कथित पत्रकारों के नाम का लगभग 60हजार रुपया हर महीने वसूलकर ले जाता रहा है। कुछ महीने बाद वह खुद दो लोडर खरीद लाया,और स्वयं बालू चोरी करने लग गया। बताते हैं कि पत्रकारों के नाम का पैसा अब कोई दूसरा कथित पत्रकार वसूल रहा है। मालूम हुआ है कि कथित पप्पू पत्रकार तिंदवारी रोड मे कहीं रहता है। पत्रकारिता का लबादा ओढकर और अपने लोडर मे भाजपा का झंडा लगाकर बालू चोरी मे हर महीने लाखों का खेल कर रहा है। इसी तरह अन्य बालूचोर भी भाजपा के झंडे का इस्तेमाल करके बालूचोरी करने मे जुटे पडे हैं।

एमपी के रामपुर आदि मोरंग खदानों से मोरंग की ओवरलोडिंग करके बांदा की सीमा से पार होने वाले ट्रकों की बात ही निराली है। सैकडों की संख्या मे बालू भरे ओवरलोड ट्रक खुलेआम यहां के पुलिस थानों के सामने से धडधडाते हुये दिन रात निकल रहे हैं। किन्तु यहां की पुलिस अपना हिस्सा लेकर चुप हो जाती है। इसी तरह अन्य जिम्मेदार विभाग भी कर रहे हैं।

फिल्टर प्लांट पर हुआ पौधरोपण

मधुसूदनगढ़/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश शासन की महत्वकांक्षी योजना लाडली बहना योजना का शुभारंभ 5 मई को माननीय मुख्यमंत्री जी शिवराज सिंह चौहान द्वारा जंबूरी मैदान भोपाल में वेबकास्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का भव्य शुभारंभ किया गया इसका सीधा प्रसारण वेबकास्ट से के माध्यम से नगर परिषद मधुसूदनगढ़ में भी किया गया इससे पहले नगर परिषद की ओर से फिल्टर प्लांट पर पौधरोपण का भी कार्यक्रम किया गया जिसमे अध्यक्ष एवं पार्षद गण कई गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए नगर परिषद कार्यालय में माताएं बहने बड़ी संख्या में उपस्थित थी यहां पर सीएमओ पीएस कुशवाहा द्वारा टीवी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था की जिसकी बजह से महिलाओं ने इस योजना की जानकारी सीधे पोहची कैसे आवेदन करें कोन कोन महिलाएं पात्र हैं । इस मौके पर अध्यक्ष श्यामलाल अहिरवार सीएमओ पीएस कुशवाहा पार्षद सुनील शर्मा रानी लक्ष्मण सिलावट पूरन सेलर आदि उपस्थित थे।